# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025



# RUNGTA INTERNATIONAL SKILLS UNIVERSITY

26 YEARS OF DEVELOPING BRIGHT FUTURES

## CREATE. INNOVATE. LEAD.

*Your Journey to Endless Possibilities Begins with a*

# Ph.D. Admissions Open

### Engineering & Technology
- Computer Science
- Information Technology
- Computer Applications
- Electronics Engineering
- Electrical Engineering
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
- Mining Engineering

### Commerce & Management
- Commerce
- Management
- Entrepreneurship

### Humanities & Social Sciences
- English
- Hindi
- Psychology
- Economics

### Sciences
- Physics
- Chemistry
- Mathematics
- Botany
- Zoology
- Biotechnology
- Forensic Science

### Law

### Pharmacy

### Education



## Industry-Integrated UG & PG Programs for Every Ambition

**20+ Add-on Certifications** with Every Degree in Industry-Focused Areas

Powered by Tech Giants & Academic Leaders

Google Cloud | Microsoft Education | University of Cambridge | Stanford University | University of Michigan | amazon | DeepLearning.AI | Harvard Business School | EC-Council | IBM | Meta | UC Irvine | NVIDIA | The Linux Foundation

### School of Computer Sc. & Engineering - RCET, Bhilai
NAAC-A Grade | NBA Accredited | NIRF Innovation Ranked
- **B.Tech. CSE** in association with **Google**
- **B.Tech. CSE** Artifical Intelligence in association with **Google**
- **B.Tech. CSE** AI & ML in association with **Google**
- **B.Tech. CSE** Data Science in association with **Google**
- **B.Tech. CSE** AI & ML in association with **IBM**
- **B.Tech. CSE** Cyber Security in association with **EC Council**
- **B.Tech. CSE** Information Technology
- **M.Tech.** Computer Science & Engineering

### School of Engineering & Technology - RCET, Bhilai
NAAC-A Grade | NBA Accredited | NIRF Innovation Ranked
- **B.Tech.** Civil Engineering
- **B.Tech.** Electrical Engineering
- **B.Tech.** Electronics & Telecommunication
- **B.Tech.** Mechanical Engineering
- **B.Tech.** Mining Engineering
- **M.Tech.** Structural Engineering
- **Diploma** Electrical Engineering
- **Diploma** Mechanical Engineering

### School of Law
- **BA LLB**
- **B.Com LLB**

### School of Management & Commerce - GDRCST & RCET, Bhilai
NAAC-A Grade
- **BBA**
- **BBA** Global
- **BBA** Business Analytics in association with **IBM**
- **MBA**
- **MBA** Global
- **MBA** Business Analytics in association with **IBM**
- **BBA MBA** (Integrated)
- **B.Com**

### School of Life Sciences - GDRCST
NAAC-A Grade
- **B.Sc.** - Biotechnology - Zoology / Botany
- **B.Sc.** - Forensic Science
- **B.Sc.** - Bio Informatics
- **M.Sc.** - Biotechnology
- **M.Sc.** - Bio Informatics

### School of Sciences - GDRCST
NAAC-A Grade
- **B.Sc.** - PCM
- **M.Sc.** - Maths
- **M.Sc.** - Physics
- **M.Sc.** - Chemistry

### School of Information Technology - GDRCST & RCET, Bhilai
NAAC-A Grade
- **BCA** AI & ML in association with **Google**
- **BCA** Data Science in association with **Google**
- **BCA** Full Stack in association with **Google**
- **MCA** AI & ML in association with **Google**
- **MCA** Data Science in association with **Google**
- **MCA** Full Stack in association with **Google**
- **BCA & MCA** (Integrated) - AI & ML in association with **Google**
- **BCA & MCA** (Integrated) - Data Science in association with **Google**
- **BCA & MCA** (Integrated) - Full Stack in association with **Google**
- **B.Sc.** Computer Science AI & ML in association with **Google**
- **M.Sc.** Computer Science AI & ML in association with **Google**
- **PGDCA**
- **DCA**

### School of Pharmacy - RIPER & RCPSR
NAAC-A Grade
- **B. Pharmacy** - RCPSR - BDP106 | RIPER - BDP121
- **D. Pharmacy** - RCPSR - BDP106 | RIPER - BDP121
- **M. Pharma** - Pharmaceutics - RCPSR - MPH106
- **M. Pharma** - Pharmacology - RCPSR - MPH106
- **B. Pharmacy** - Practice

Deepak Advertisers

9016 11 3333

www.rungta.ac.in

**Campus:** Rungta R1 Educational Campus, Kohka-Kurud Road, Bhilai, Chhattisgarh

**Raipur City Office:** Shop No. 1 & 2, 1st Floor, Shyam Plaza, Pandri 888 04 888 70



## खबर संक्षेप

### पैसा दुगुना करने का झांसा ऐंठे 65 लाख, आरोपी न्यायिक रिमांड पर जेल गया

**भानुप्रतापपुर।** पैसा लगाइए और डेढ़ महीने में दोगुना कमाइए इसी सुनहरे सपने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को आखिरकार भानुप्रतापपुर पुलिस ने धर दबोचा। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को बिलासपुर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। आरोपी ने जैविक खाद के प्रचार की आड़ में निवेश का झांसा देकर 65 लाख से अधिक की धोखाधड़ी को अंजाम दिया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना भानुप्रतापपुर में 24 अप्रैल को कुआंपानी निवासी 32 वर्षीय कामेश्वरी नाग पिता माखनलाल नाग ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वर्ष 2023 में उसकी मुलाकात आरोपी विनोद कुमार से हुई थी, जो गांव-गांव जाकर जैविक खाद का प्रचार-प्रसार करता था। इसी दौरान आरोपी ने स्वयं को डब्ल्यूएफआई ट्रेड कंपनी का संचालक बताते हुए कंपनी में निवेश करने पर डेढ़ माह में रकम दोगुनी होने का दावा किया।

पाम तेल और दूध पावडर से बनाया गया, बाजार मूल्य बताया 1.50 लाख रुपए

# रायपुर के बाद राजनांदगांव में भी साढ़े चार सौ किलो नकली पनीर पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

**शहर में लंबे समय से नकली पनीर बेचे जाने की शिकायतों के बीच आज खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई करते शहर के समीप पनेका गांव से बड़ी मात्रा में नकली पनीर जब्त करते इसके नष्टीकरण की कार्रवाई की है।**

खास खबर

रायपुर के बाद शुक्रवार को राजनांदगांव में भी नकली पनीर पकड़ा गया। शहर के पनेका क्षेत्र में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई करते साढ़े 4 सौ किलो नकली पनीर बरामद कर उसे नष्ट कराया है। पनेका स्थित रौनक एंटरप्राइजेज में दबिश देते टीम ने यहां नकली पनीर का निर्माण पाया और इसे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानते त्वरित कार्रवाई कर जेसीबी की मदद से फैक्ट्री परिसर में ही एक गड्ढा कर नकली पनीर को नष्ट कर दिया।

### खाद्य विभाग ने किया नष्ट

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अभिहित अधिकारी आशीष यादव ने बताया कि यहां पाम तेल और दूध पावडर को मिलाकर नकली पनीर बनाया जा रहा था, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। फैक्ट्री परिसर में काफी गंदगी भी पाई गई। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा इस फैक्ट्री में बने साढे चार सौ किलो नकली पनीर जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 60 हजार रुपए है, इसे नष्ट किया गया है।







### फैक्ट्री का लाइसेंस सस्पेंड

खाद एवं औषधि विभाग द्वारा यहां कोल्ड स्टोरेज में रखे सभी नकली पनीर को नष्ट कराया गया। वहीं मिल्क केक और कलाकंद का सैंपल लेकर इस जांच के लिए लैब भेजा गया है। फैक्ट्री परिसर में गंदगी के मामले को लेकर 15 दिन के लिए फैक्ट्री का लाइसेंस को सस्पेंड किया गया।

भैरमगढ़ एरिया कमेटी का था एसीएम

## मुठभेड़ में 5 लाख का ईनामी माओवादी ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इन्द्रावती इलाके के जंगलों में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में हथियारों सहित एक माओवादी का शव बरामद किया है। भैरमगढ़ अंतर्गत इन्द्रावती क्षेत्र के आदवाड़ा–



कोटमेटा के जंगलों में डीआरजी बीजापुर की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे डीआरजी और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी शुरू हो गई। बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ स्थल से एक माओवादी का शव बरामद किया गया है। मौके से हथियार, विस्फोटक सामग्री एवं माओवादी सामग्री भी जब्त की गई है।मुठभेड़ में मारे गए माओवादी की शिनाख्त एसीएम फगनू माड़वी 35 वर्ष, निवासी गोरना, जिला बीजापुर के रूप में हुई है। वह भैरमगढ़ एरिया कमेटी का एसीएम था। उस पर 5 लाख रुपए का ईनाम घोषित था।

### माओवाद अब अंतिम दौर में: आईजी

आईजी सुन्दरराज पट्टलिंगम ने कहा कि वर्ष 2025 में सुरक्षा बलों की प्रभावी और समन्वित कार्रवाई के चलते बस्तर में माओवाद अब अंतिम दौर में है। माओवादी संगठन की संरचना पूरी तरह से बिखर चुकी है। हिंसा या दहशत फैलाने के उनके प्रयास अब निष्प्रभावी हो गए हैं।

सन्ना पेट्रोल पंप के पास कार्य जारी

## अतिक्रमण और निर्माण को लेकर भाजपा विधायक ने खोला मोर्चा, धरने पर बैठीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुर

शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे और निर्माण कार्य को लेकर जशपुर जिले में बड़ा सियासी घटनाक्रम सामने आया है। कार्रवाई नहीं होने से नाराज जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने मोर्चा खोलते हुए शुक्रवार को सन्ना थाना क्षेत्र में धरने पर बैठ गईं हैं। विधायक सैकड़ों कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचीं और अवैध कब्जे पर तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहीं है। मामला सन्ना पेट्रोल पंप के पास स्थित एक बेशकीमती शासकीय भूमि से जुड़ा है, जहां अवैध कब्जे और निर्माण कार्य का आरोप है। यह विवाद पिछले करीब तीन महीनों से गरमाया हुआ है। इस प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी एसडीओ बगीचा की ओर से अनावेदक अशोक गुप्ता को स्पष्ट रूप से निर्माण कार्य रोकने का आदेश जारी किया गया था। बावजूद अशोक गुप्ता द्वारा धड़ल्ले से निर्माण कार्य जारी रखा गया। धरना स्थल पर विधायक ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर रोष व्यक्त किया है।

### अनावेदक का दावा, यह निजी भूमि

अनावेदक ने कहा यह हमारी निजी भूमि है। विवाद के केंद्र में रहे अशोक गुप्ता ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि जिस भूमि पर प्रशासन द्वारा सीमांकन की प्रक्रिया की जा रही है, वह उनकी निजी भूमि है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि वे अपनी जमीन को किसी भी स्थिति में नहीं छोड़ेंगे। उनके अनुसार, यह विवाद जानबूझकर खड़ा किया जा रहा है। वर्तमान में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

### विधायक के बैठते ही पहुंचे अफसर

विधायक के धरने पर बैठने की सूचना मिलते ही वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भारी बल के साथ मौके पर पहुंच गए हैं। पिछले तीन महीनों से चल रहा यह जमीन विवाद अब राजनीतिक तूल पकड़ चुका है, जिससे प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए हैं।

विद्युत लाइन सुधारने गया था

## सहायक लाइनमैन से मारपीट, बनाया बंधक

**अंबिकापुर।** लाइन सुधार करने गए बिजली कर्मी के साथ गालीगलौज और बंधक बनाकर मारपीट का मामला सामने आया है। कर्मचारियों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की।



विद्युत विभाग में पदस्थ सहायक लाइनमैन गौतम पैकरा 18 दिसम्बर को लुंड्रा के रघुनाथपुर चौकी अंतर्गत ग्राम असकला में विद्युत लाइन सुधार कार्य के लिए गया हुआ था और अपना कार्य कर रहा था। इसी दौरान लंबित भुगतान को लेकर क्षेत्र में की गई विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई के मामले में रविशंकर यादव अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंच गया और विद्युतकर्मी के साथ गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं रविशंकर यादव ने अपने साथियों के साथ विद्युतकर्मी को बंधक बना लिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इधर इस घटना के बाद विद्युत कर्मचारियों ने पुलिस को शिकायत दी थी। लेकिन शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में विद्युत कर्मियों का आक्रोश भड़क उठा बड़ी संख्या में कर्मचारी शुक्रवार को रघुनाथपपुर चौकी पहुंचे और कार्रवाई की मांग की।

### अपराध दर्ज किया गयाः एसपी

इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि विद्युतकर्मी से मारपीट के मामले में शिकायत के बाद अपराध दर्ज किया गया है। घटना की जांच चल रही है।







# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार, 20 दिसंबर 2025




### शेख हसीना विरोधी नेता हादी के मौत के बाद मचा बवाल, समर्थकों ने की तोड़फोड़-आगजनी

# बांग्लादेश में हिंसा, मीडिया दफ्तर और अवामी लीग के ऑफिस फूंके

**पिछले साल जुलाई में, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना विरोधी आंदोलन और बांग्लादेश विद्रोह के एक प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी को पिछले सप्ताह गोली मार दी गई थी जिसके बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में हिंसा भड़क गई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक हिंदू युवक की हत्या कर उसे बीच सड़क पर लटकाकर जला दिया। प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार देर रात देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में जबरन घुसकर तोड़फोड़ और आगजनी की।**

एजेंसी ▶▶| ढाका

इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान के आवास में भी तोड़फोड़ की गई है और शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के तीन ऑफिसों को भी जला दिया गया है। नेता उस्मान हादी की मौत के बाद बांग्लादेश के कई शहरों में हिंसा भड़क गई है। हादी को 12 दिसंबर को सिर में गोली मारी गई थी। उस्मान हादी शेख हसीना के खिलाफ जुलाई 2024 में हुए छात्र आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्हें 12 दिसंबर को चुनाव प्रचार के दौरान सिर में गोली मारी गई थी। इसके बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए सिंगापुर ले जाया गया था। ▶▶|शेष पेज 5 पर

#### हिंदू युवक की हत्या कर शव जलाया

बीबीसी बांग्ला की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश में धर्म का अपमान करने के आरोप में एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला। इसके बाद उसके शव को नग्न करके एक पेड़ से लटका कर आग लगा दी। पुलिस ने मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में की है। पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार रात भालुका में हुई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है।



#### हिंसा बर्दाश्त नहीं होगी, शांति बनाए रखें : युनुस

इससे पहले राष्ट्र को संबोधित करते हुए मुख्य सलाहकार यूनुस ने हादी की मौत की घोषणा की और उनके हत्यारों को पकड़ने का वादा किया। यूनुस ने कहा कि देश में किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मोहम्मद यूनुस ने शांति बनाए रखने की अपील की करते हुए कानून अपने हाथ में न लेने का आग्रह किया है।

#### भारतीय उच्चायोग पर भी पथराव

हादी की मौत के बाद प्रदर्शनकारी चटगांव में भारत के उप उच्चायुक्त के घर के बाहर जमा हो गए और परिसर पर पथराव किया। इस दौरान अवामी लीग और भारत के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारी भारतीय आक्रमण को खत्म करो और लीग वालों को पकड़ो और मार डालो के नारे लगा रहे थे। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया और 12 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।

# शव दफनाने के विवाद पर तनाव के बाद कर्फ्यू, इलाका छावनी में तब्दील

### बंद रहे बाजार, आवाजाही भी ठप, हालात सामान्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हरिभूमि फॉलोअप

आमाबेड़ा और बड़ेतेवड़ा क्षेत्र में गुरुवार को हुई आगजनी और तोड़फोड़ की घटना के बाद शुक्रवार 19 दिसंबर को पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा रहा। हालात की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया है। गांवों में आने-जाने वालों से लगातार पूछताछ और सघन जांच की जा रही है। जगह-जगह पुलिस ▶▶|शेष पेज 5 पर

#### बाजार बंद रहा जनजीवन प्रभावित

सुरक्षा व्यवस्था के तहत सरपंच के घर और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। शुक्रवार को भी पुलिस ने बड़ेतेवड़ा गांव को पूरी तरह छावनी में तब्दील रखा। शुक्रवार को बड़ेतेवड़ा में दिनभर सन्नाटा छाया रहा। भय और तनाव के कारण लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकले और घरों में ही दुबके रहे। बाजार बंद रहे और सामान्य जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा।


धर्मांतरित व्यक्ति के शव दफनाने को लेकर बढ़ा विवाद, प्रशासन ने शव को लिया कब्जे में
45 गांवों के लोग हुए इकट्ठे, चर्च फूंका, तोड़फोड़ पथराव में कई पुलिस अफसर-जवान घायल

#### कानून व्यवस्था तोड़ने वालों के खिलाफ होगी सख्ती

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर और एसएसपी आई. कल्याण ऐलीसेला शुक्रवार 19 दिसंबर को आमाबेड़ा एवं बड़ेतेवड़ा पहुंचे और स्थानीय लोगों तथा अधिकारियों से बातचीत कर हालात को समझने का प्रयास किया। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की सलाह दिया।

**जब्त कोकीन की कीमत 8 लाख से ज्यादा**

# नए साल के लिए पहुंच रही ड्रग्स की खेप, कोकीन के साथ हिरासत में तस्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए साल के जश्न को जहरीले नशे की गर्त में धकेलने तस्कर सक्रिय हो गए हैं। सूखा नशे की खेप पहुंचने लगी है। ऐसे ही एक मामले में गंज पुलिस ने एक इंटर स्टेट ▶▶|शेष पेज 5 पर



**न्यू ईयर पार्टी में खपाने की थी तैयारी :** प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी नए साल के जश्न को ध्यान में रखते हुए रायपुर में कोकीन की आपूर्ति करने आया था। पुलिस को शक है कि इसके पीछे संगठित अंतरराज्यीय ▶▶|शेष पेज 5 पर

#### जब्त मोबाइल से खुलेगा राज

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल जब्त किया है, जिसमें कोडवर्ड में कई संदिग्ध नंबर मिले हैं। इनमें कितने स्थानीय और कितने दूसरे राज्य से जुड़े लोगों के मोबाइल नंबर हैं, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। नंबर मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े लोगों के हैं या मादक पदार्थ उपयोग करने वालों का इस बात का पुलिस ने अब तक खुलासा नहीं किया है। रायपुर में हर्ष नारायण किसे ड्रग देने आया था पुलिस उसकी तलाश करने की बात कह रही है।

#### संदिग्ध की निगरानी

कोकीन पकड़े जाने की घटना के बाद पुलिस ने संदिग्ध गतिविधि में जुड़े लोगों की निगारानी तेज कर दी है। साथ ही पूर्व में एनडीपीएस एक्ट में जमानत पर रिहा और सजायाफ्ता लोगों की निगरानी करने उनके मोबाइल नंबर को सर्विलांस में डालने के साथ लोकल मुखबिरों की पुलिस मदद ले रही है।

#### टीम इंडिया ने टी-20 सीरीज पर किया कब्जा



**अहमदाबाद।** टीम इंडिया ने साल के अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच का जीत से समापन किया। भारत ने साउथ अफ्रीका को सीरीज के पांचवें और अंतिम टी20 मैच में 30 रन से हराया। इसके साथ ही टीम इंडिया ने 3-1 से सीरीज भी जीती। भारत ने पहले खेलते हुए 231 रन बनाए। वरुण चक्रवर्ती (4 विकेट) की कहर गेंदबाजी से शानदार जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका 201 रन पर ढेर हो गई। हार्दिक पंड्या ने 16 गेंद में टी20 अंतरराष्ट्रीय की दूसरी सबसे तेज फिफ्टी जड़ी। गिल की जगह काफी समय बाद ओपनिंग करने आए संजू सैमसन का बल्ला चला और उन्होंने भी 22 गेंदों में चार चौके और दो छक्के से 37 रन की पारी खेली।






# बिल गेट्स, गूगल बनाने वाले ब्रिन, वुडी एलन की तस्वीर आई सामने

## अमेरिका के एपस्टीन सेक्स स्कैंडल में 68 अप्रकाशित फोटो जारी

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के कुख्यात एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़े मामले में 68 नई तस्वीरें गुरुवार देर रात सामने आई हैं। इन तस्वीरों को गुरुवार देर रात अमेरिकी संसद की हाउस ओवरसाइट कमेटी के डेमोक्रेट सांसदों ने रिलीज किया। इसमें अरबपति बिल गेट्स, गूगल बनाने वाले सर्गेई ब्रिन, फिल्ममेकर वुडी एलन, फिलॉस्फर नोम चॉम्स्की और ट्रम्प के पूर्व सलाहकार स्टीव बैनन जैसी 5 बड़ी हस्तियां नजर आ रही हैं।

यह रिलीज जस्टिस डिपार्टमेंट की एपस्टीन से जुड़े दस्तावेज जारी करने की डेडलाइन से एक दिन पहले आई है। पहले जारी बैचों में डोनाल्ड ट्रंप, बिल क्लिंटन, वुडी एलन, लैरी समर्स और प्रिंस एंड्रयू जैसे नाम सामने आए थे। एपस्टीन फाइलों में दुनिया के प्रमुख बिजनेसमैन और नेताओं के नाम दर्ज हैं। फाइलों में हजारों पेज के दस्तावेज, 95 हजार तस्वीरें और बैंक रिकॉर्ड्स शामिल हैं।

**दुनिया की नामी हस्तियां खुलासे को लेकर सहमीं**

**दुनिया के प्रमुख बिजनेसमैन और नेताओं के नाम हैं इन फाइलों में दर्ज**







### अमेरिकिन कमेटी ने किया इन्हें जारी

*अमेरिकी हाउस ओवरसाइट कमिटी के डेमोक्रेटिक सदस्यों ने सेक्स अपराधी जेफरी एपस्टीन की एस्टेट से प्राप्त नई तस्वीरें जारी की हैं। ये तस्वीरें बिना तारीख और संदर्भ के हैं, जिनमें कुल 68 फोटो शामिल हैं। बता दें, एपस्टीन के साथ तस्वीर होना किसी गलत काम का सबूत नहीं है। एपस्टीन 2019 में जेल में आत्महत्या कर चुके हैं और उनके मामले में कई जांचें चल रही हैं। कमिटी को एपस्टीन की एस्टेट से 95,000 से अधिक तस्वीरें प्राप्त हुई हैं। जारी की गई इन तस्वीरों में अन्य प्रमुख नामों में फिल्मकार वुडी एलन, जादूगर डेविड ब्लेन, गूगल के पूर्व सीईओ सलार कमंगर और कॉलमनिस्ट डेविड ब्रूक्स शामिल हैं। एक तस्वीर में एपस्टीन स्टीव बैनन से बात करते दिख रहे हैं।*

### परेशान करने वाली सामग्री

इन तस्वीरों के अलावा, कुछ अन्य परेशान करने वाली सामग्री भी जारी की गई है, जैसे महिलाओं के चेहरे ब्लर किए गए फोटो, विदेशी पासपोर्ट (रूस और चेक गणराज्य के), एपस्टीन का अमेरिकी पासपोर्ट, और कुछ मैसेज के स्क्रीनशॉट। एक मैसेज में रूस से लड़कियों को स्काउट करने और 1000 डॉलर प्रति लड़की की बात की गई है, जिसमें 'जे' के लिए उपयुक्त होने का जिक्र है। एक फोटो में किसी के पैर पर व्लादिमीर नाबोकोव की किताब 'लोलिता' का कोट लिखा हुआ है, साथ ही एक दवा की बोतल भी दिखाई दे रही है।

### एपस्टीन का भारत कनेक्शन

जेफरी एपस्टीन, एक दोषसिद्ध सेक्स अपराधी और ट्रैफिकिंग के आरोपी, की फाइलों और ईमेलों से भारत से जुड़े कुछ कनेक्शन सामने आए हैं। ये मुख्य रूप से 2014 से 2019 के बीच के हैं, और हाल ही में (नवंबर 2025) अमेरिकी हाउस ओवरसाइट कमिटी द्वारा जारी दस्तावेजों से पता चले हैं। ध्यान दें कि ये कनेक्शन किसी गलत काम का सीधा सबूत नहीं हैं, लेकिन इनसे सवाल जरूर उठते हैं।

### यह है एपस्टीन केस

इस मामले की शुरुआत 2005 में तब हुई जब फ्लोरिडा में एक 14 साल की लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि एपस्टीन के आलीशान घर में उसकी बेटी को 'मसाज' के बहाने बुलाया गया था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उस पर सेक्स का दबाव डाला गया। जब उसने घर लौटकर यह बात अपने माता-पिता को बताई, तो उन्होंने तुरंत पुलिस में शिकायत की। तब पहली बार जेफ्री एपस्टीन के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज हुई। पुलिस जांच के दौरान यह सामने आया कि यह अकेला मामला नहीं है। धीरे-धीरे करीब 50 नाबालिग लड़कियों की पहचान हुई, जिन्होंने एपस्टीन पर ऐसे ही आरोप लगाए।

---

## खबर संक्षेप

### महुआ के खिलाफ चार्जशीट रद्द, सीबीआई को झटका



**नई दिल्ली।** पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में सीबीआई फिलहाल टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं करेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को लोकपाल की ओर से चार्जशीट फाइल करने की मंजूरी को रद्द कर दिया है। यह मंजूरी 12 नवंबर को दी गई थी। जस्टिस अनिल क्षतरपाल और हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने कहा- 'हमारा मानना है कि लोकपाल ने इस मामले में गलती की है।'

### पंजाब : पूर्व मंत्री की जमानत याचिका पर सुप्रीम नोटिस

**नई दिल्ली।** शिरोमणि अकाली दल के नेता और पंजाब के पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। मजीठिया की याचिका में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने बिक्रम सिंह मजीठिया को कथित आय से ज्यादा संपत्ति से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में उन्हें नियमित जमानत देने से इनकार कर दिया था। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ उनकी विशेष अनुमति याचिका (SLP) पर नोटिस जारी किया।

### संभल गैंगरेप : महिला को जिंदा जलाने 4 को उम्रकैद



**लखनऊ।** यूपी के संभल जिले के थाना राजपुरा क्षेत्र स्थित पाठकपुर गांव में साल 2018 में एक महिला के साथ गैंगरेप कर उसे जिंदा जलाने के मामले में न्याय हुआ है। अपर सत्र पोक्सो कोर्ट के जज अवधेश कुमार सिंह ने चार दोषियों- आराम सिंह, महावीर, गुल्लू और भोना को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने इन सभी दोषियों पर कुल 1 लाख 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामले का पांचवा दोषी चरन सिंह नाबालिग है। इन्होंने वारदात के बाद पीड़िता को आग के हवाले कर दिया था, जिसने मरने से पहले परिजनों को फोन कर पूरी घटना बताई थी।

### सिंगर जुबिन केस में 12000 पन्नों की चार्जशीट

**गुवाहटी।** असम की आवाज कहे जाने वाले मशहूर सिंगर जुबिन गर्ग की मौत हादसा नहीं बल्कि कत्ल था। 19 सितंबर को सिंगापुर में जुबिन गर्ग की मौत डूबने से नहीं हुई थी। बल्कि साजिशन उन्हें मारा गया था। इस बात का खुलासा असम पुलिस की तरफ से कोर्ट में दाखिल की गई चार्जशीट में किया गया है। उस चार्जशीट में कुल 5 लोगों के नाम दर्ज हैं। जिनमें से 4 पर सीधे सीधे जुबिन की हत्या करने का इल्जाम है। जबकि एक पर गैर इरादतन हत्या की धारा लगाई गई है। इस चार्जशीट के दाखिल होने से पहले ही खुद असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा ने एक नहीं बल्कि कई बार ये दोहराया था कि जुबिन गर्ग की मौत हादसा नहीं बल्कि हत्या है।

---

### संसद के शीतकालीन सत्र का हुआ समापन

# पारित हुए 8 विधेयक, एक जेपीसी को भेजा गया, 19 दिन के सत्र के दौरान हुईं 15 बैठकें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त हो गया था। शुक्रवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला और राज्यसभा में सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का ऐलान कर दिया। 19 दिन चले इस सत्र के दौरान 15 बैठकें हुईं। इस दौरान कुछ अहम विधेयक चर्चा और विचार के बाद पारित भी किए गए, जिनमें 20 साल पुरानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) की जगह लाया गया वीबी-जी राम जी बिल भी शामिल है।

सरकार इसी सत्र के दौरान प्राइवेट सेक्टर के लिए नागरिक परमाणु सेक्टर खोलने से संबंधित विधेयक भी लेकर आई। शीतकालीन सत्र के दौरान कुल मिलाकर लोकसभा की बैठक 92 घंटे 25 मिनट हुई। स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही स्थगित करने का ऐलान करने से पहले कामकाज का लेखा जोखा सदन पटल पर रखा. उन्होंने बताया कि इस सत्र के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही।

### वंदे मातरम पर 11 घंटे 32 मिनट चर्चा

स्पीकर ओम बिरला ने शीतकालीन सत्र के दौरान हुए कामकाज का लेखा-जोखा रखा। लोकसभा में इस सत्र के दौरान वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर और चुनाव सुधार, राजनीतिक रूप से संवेदनशील दो विषयों पर चर्चा भी हुई। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर हुई चर्चा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। वंदे मातरम पर लोकसभा में 11 घंटे 32 मिनट तक चर्चा हुई, जिसमें 65 सदस्यों ने भाग लिया। इसके अलावा एक चर्चा चुनाव सुधार के मुद्दे पर भी हुई। विपक्षी दल 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा की डिमांड कर रहे थे।

**सत्र के दौरान कुल 92 घंटे 25 मिनट हुई लोकसभा की बैठक**

**स्पीकर बिरला ने रखा कामकाज का लेखा-जोखा**





### लोकसभा से पारित हुए आठ विधेयक

*शीतकालीन सत्र के दौरान कुल आठ विधेयक पारित हुए। इनमें जी राम बिल भी शामिल है। गुरुवार को विपक्ष के भारी विरोध और कागज फाड़े जाने की घटना के बीच लोकसभा से पारित किया गया था। कड़े नियंत्रण वाले सार्वजनिक परमाणु क्षेत्र को प्राइवेट सेक्टर के लिए खोलने से जुड़ा बिल शांति भी पारित हुआ। लोकसभा ने बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को मौजूदा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने वाला विधेयक भी पारित किया। 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025' को लोकसभा से पारित होने के एक दिन बाद राज्यसभा ने भी ध्वनिमत से पारित कर दिया था। लोकसभा ने शीतकालीन सत्र के दौरान 65 संशोधन अधिनियमों और छह मूल कानूनों को निरस्त करने वाला विधेयक भी पारित किया, जो अब अप्रासंगिक हो चुके हैं। मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025; केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 और स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 भी पारित हो गए हैं। संसद ने अनुपूरक अनुदान मांगें (प्रथम चरण), 2025-26 को भी मंजूरी दे दी।*

### जेपीसी और स्टैंडिंग कमेटी को भेजे गए 1-1 बिल

*उच्च शिक्षा नियामक की स्थापना से संबंधित 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025' को दोनों सदनों की संयुक्त समिति के पास भेज दिया गया। बाजार प्रतिभूति संहिता से संबंधित एक अन्य विधेयक भी लोकसभा में पेश हुआ, जिसे स्क्रूटनी के लिए विभागीय स्थायी समिति को भेज दिया गया। इस सत्र के दौरान 300 तारांकित प्रश्न स्वीकार किए गए, जिनमें से 72 का मौखिक उत्तर दिया गया। कुल 3449 अतारांकित प्रश्न भी इस सत्र में स्वीकार किए गए। शून्यकाल के दौरान सदस्यों ने सार्वजनिक महत्व के 408 तात्कालिक मुद्दे उठाए, जबकि नियम 377 के तहत 372 मामलों को उठाया गया। 11 दिसंबर 2025 को शून्यकाल के दौरान 150 सदस्यों ने अपने-अपने मुद्दे सदन में रखे।*

---

# 'भारत विरोधी बयानों का मुकाबला करने के लिए गठित करें एक इकाई'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

एक संसदीय समिति ने विदेश मंत्रालय (एमईए) को अपने बाह्य प्रचार एवं लोक कूटनीति (एक्सपीडी) प्रभाग के भीतर एक समर्पित संचार और धारणा प्रबंधन इकाई स्थापित करने की सिफारिश की है। इस पैनल का उद्देश्य भारत विरोधी विचारों की निगरानी, विश्लेषण और उनका काउंटर करना है। बांग्लादेशी मीडिया के कुछ वर्गों में लगातार गलत सूचना और भारत विरोधी बयानबाजी के मद्देनजर, यह गुरुवार को लोकसभा में भारत-बांग्लादेश संबंधों का भविष्य विषय पर विदेश मामलों की संसदीय समिति द्वारा प्रस्तुत लेटेस्ट रिपोर्ट में की गई 33 सिफारिशों में से एक है।

रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाले पैनल को बताया कि अन्य मंत्रालयों और एजेंसियों को शामिल करते हुए समन्वित प्रयासों के माध्यम से बांग्लादेश में धारणाओं और विचारों को संबोधित करने के लिए यह नोडल निकाय बना हुआ है।

**संसदीय समिति ने विदेश मंत्रालय को दिया निर्देश**



***बांग्लादेश को लेकर जताई चिंता :*** *पैनल में बांग्लादेश में चीन की बढ़ती उपस्थिति, विशेष रूप से बुनियादी ढांचे, बंदरगाह विकास और रक्षा संबंधी सहयोग में पर चिंता व्यक्त की गई और भारत के रणनीतिक और सुरक्षा हितों की रक्षा के महत्व पर जोर दिया गया, विशेष रूप से सिलीगुड़ी कॉरिडोर और बंगाल की खाड़ी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में।*

विदेश मंत्रालय ने कहा, 'जल बंटवारे, बाढ़ संबंधी डेटा साझाकरण, सीमा सुरक्षा मुद्दों और साझा संस्कृति, भाषा और धर्म से जुड़ी घटनाओं और संवेदन-शीलताओं जैसे मुद्दों पर रिपोर्टों और सूचनाओं के आधार पर सही तथ्यों का प्रसार किया जाता है और गलतफहमियों को दूर किया जाता है।

### पैनल ने एमईए से की ये सिफारिश

पैनल ने भारत में हसीना के प्रवास पर कहा कि इस संबंध में देश का दृष्टिकोण गंभीर संकट या अस्तित्व के खतरे का सामना कर रहे व्यक्तियों को शरण देने की उसकी सभ्यतागत नैतिकता और मानवीय परंपरा से निर्देशित है। पैनल ने सिफारिश की है कि सरकार को अपने सैद्धांतिक और मानवीय दृष्टिकोण को बनाए रखना चाहिए, साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी स्थितियों को उचित संवेदनशीलता के साथ संभाला जाए।

---

**ओवरसीज इंडियन कांग्रेस के कार्यक्रम को किया संबोधित**

# जर्मनी में राहुल ने आरएसएस कांग्रेस के बीच का बताया अंतर



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को बर्लिन में ओवरसीज इंडियन कांग्रेस के कार्यक्रम कनेक्टिंग कल्चर्स को संबोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि आरएसएस प्रमुख खुले तौर पर कह रहे हैं कि सच्चाई का कोई महत्व नहीं है, शक्ति महत्वपूर्ण है। यही उनमें और हममें अंतर है। उन्होंने कहा कि हमारी पूरी संस्कृति सत्य पर आधारित है। आप किसी भी धर्म को देख लें, मूल रूप से वे यही कहते हैं कि सत्य का पालन करो। कांग्रेस, महात्मा गांधी और आप सभी, हम भारत के सत्य की रक्षा करते हैं। आरएसएस ऐसा नहीं करती। राहुल गांधी 5 दिन के जर्मनी दौरे पर हैं। इसके अलावा उन्होंने जर्मन थिंक-टैंक में शामिल नेताओं के साथ बातचीत की और हर्टी स्कूल में भी स्पीच दी।

**आधा घंटा दी स्पीच :** राहुल ने जर्मनी के हर्टी स्कूल में आधा घंटा की स्पीच दी। हर्टी स्कूल में राहुल ने कहा कि लोकतंत्र केवल सरकार की एक व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह जवाबदेही है। संरचनात्मक असमानताओं को दूर करने के लिए मजबूत वैश्विक सहयोग की जरूरत है।

**पूर्व चांसलर से की मुलाकात :** राहुल ने जर्मनी के पूर्व चांसलर ओलाफ स्कोल्ज से मुलाकात की और साथ लंच किया। इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच वैश्विक मुद्दों, व्यापार और भारत-जर्मनी संबंधों पर चर्चा हुई।

---

# दिल्ली-एनसीआर में एक सप्ताह के भीतर वायु गुणवत्ता में स्पष्ट सुधार के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों और संबंधित नगर निकायों की कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की। यह समीक्षा बैठकों की श्रृंखला में चौथी बैठक थी, जो 3 दिसंबर को आयोजित पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार निर्धारित प्रारूप में और निर्धारित मापदंडों के आधार पर आयोजित की गई।

इस बैठक में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह भी उपस्थित थे। दिल्ली-एनसीआर में भीड़भाड़ वाले चिन्हित 62 इलाकों में सुचारू यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने और कॉरपोरेट एवं औद्योगिक इकाइयों द्वारा कर्मचारियों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन/सीएनजी बसों को बढ़ावा देने के निर्देश जारी किए गए। व्यस्त समय में भीड़ कम करने के लिए कार्यालयों, शॉपिंग मॉल और वाणिज्यिक परिसरों के लिए अलग-अलग समय निर्धारित करने पर भी जोर दिया गया।



**केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली-एनसीआर वायु प्रदूषण पर चौथी उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की**

### हर महीने समीक्षा

यादव ने दिल्ली-एनसीआर में खराब वायु गुणवत्ता की लगातार बनी हुई समस्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अभी तैयार की जा रही कार्य योजनाओं की समीक्षा जनवरी 2026 से हर महीने मंत्री स्तर पर की जाएगी। राज्य सरकारों से कहा गया कि वे सभी एनसीआर शहरों की भविष्य में प्रस्तुत की जाने वाली कार्य योजनाओं को अपने अधिकार क्षेत्र में एकीकृत करें। उन्होंने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकारों और नगर निकायों के किए गए उपायों पर अलग-अलग प्रस्तुतियों की समीक्षा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन कार्रवाइयों की गति को तब तक बनाए रखना आवश्यक है जब तक कि पूरे एनसीआर में वायु गुणवत्ता में स्पष्ट सुधार न हो जाए। उन्होंने यह भी साफ किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन आम जनता को अनावश्यक असुविधा नहीं होनी चाहिए।

---

## तिरुपति मंदिर में मुंडन सेवा के लिए बिजनेसमैन की पहल

# 1.2 करोड़ का ब्लेड दान, लगी 1 हजार नाइयों की ड्यूटी


एजेंसी ▸▸ तिरुपति

हैदराबाद के एक बिजनेसमैन ने टीटीडी को मुंडन की रस्म के लिए 1.2 करोड़ रुपये के ब्लेड दान किए। बी. श्रीधर ने कल्याणकट्टा की सालाना जरूरत को पूरा करने के लिए बड़ी मात्रा में आधे ब्लेड दान किए हैं।

एक प्रेस रिलीज में बताया गया, 'हैदराबाद के बिजनेसमैन बी. श्रीधर ने तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम को 1.2 करोड़ रुपये के आधे ब्लेड दान किए हैं।' तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अध्यक्ष बी. आर. नायडू ने कहा कि मंदिर बोर्ड हर साल भक्तों के मुंडन में इस्तेमाल होने वाले ब्लेड पर लगभग 1.1 करोड़ रुपये खर्च करता है। उन्होंने कहा कि कल्याणकट्टा में हर दिन लगभग 40,000 आधे ब्लेड इस्तेमाल होते हैं और श्रीधर का यह दान मंदिर की पूरे साल की जरूरत को पूरा करेगा। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम बोर्ड या टीटीडी, दुनिया के सबसे अमीर हिंदू मंदिर, तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का आधिकारिक संरक्षक है।

**मुंडन के लिए रोज इस्तेमाल होते हैं 40 हजार ब्लेड्स**

**साल भर में दो करोड़ से ज्यादा ब्लेड की पड़ती है जरूरत**



### तिरुपति में मुंडन की परंपरा

टीटीडी तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के आधिकारिक संरक्षक के रूप में काम करता है। मंदिर संगठन 10 कल्याणकट्टा चलाता है, जहाँ तीर्थयात्री मुंडन करवाकर देवताओं को अपने बाल चढ़ाते हैं। यह रस्म दर्शन से पहले मन्नतें पूरी करने या भगवान वेंकटेश्वर के प्रति समर्पण दिखाने के लिए की जाती है। नाई तीर्थयात्रियों के सिर पर पानी और एंटीसेप्टिक का मिश्रण लगाते हैं और हर भक्त को दिए जाने वाले आधे ब्लेड से बाल काटते हैं। टीटीडी मुख्य और नौ छोटे कल्याणकट्टा में काम करता है, और तीर्थयात्रियों का मुफ्त में मुंडन करने के लिए 24/7 शिफ्ट में एक हजार से ज्यादा नाइयों को काम पर रखा है।

### विश्व का सबसे धनी मंदिर

बता दें कि तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का आधिकारिक संरक्षक है, जो विश्व का सबसे धनी हिंदू मंदिर है। इस मंदिर में प्रतिदिन हजारों भक्त अपनी मनोकामना पूरी होने पर बाल दान करते हैं, जिसे 'मुंडन सेवा' कहा जाता है।

### चार शेविंग हाल, नौ छोटे कल्याणकट्टा

मुख्य कल्याणकट्टा में चार शेविंग हॉल हैं, जिनमें भक्तों और नाइयों के बैठने के लिए प्लेटफॉर्म, एक वेटिंग रूम और एक व्यवस्थित कतार प्रणाली है। मुंडन से पहले तीर्थयात्रियों को कंप्यूटर से बने टोकन के साथ आधे ब्लेड दिए जाते हैं। गेस्ट हाउस और कॉटेज में रहने वाले तीर्थयात्रियों को आसानी से मुंडन की सुविधा मिल सके, इसके लिए तिरुमाला की खास जगहों पर नौ छोटे कल्याणकट्टा बनाए गए हैं।

---

# 'सर तन से जुदा' नारा, कानून को सीधी चुनौती

एजेंसी ▸▸ इलाहाबाद

यूपी के इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सितंबर 2005 में बरेली हिंसा में शामिल आरोपी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। हाई कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, 'गुस्ताख-ए-नबी की एक सजा, सर तन से जुदा, सर तन से जुदा' का नारा लगाना कानून के अधिकार और संप्रभुता को सीधी चुनौती देना है और भारत की संप्रभुता और अंखडता के लिए गंभीर खतरा है, क्योंकि यह हिंसा और सशस्त्र विद्रोह को बढ़ावा देता है। जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इस तरह के नारे का प्रयोग न केवल भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 के तहत दंडनीय है , जो भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्यों से संबंधित है, बल्कि यह स्वयं इस्लाम के मूल सिद्धांतों के भी विरुद्ध है।

**इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा**

***यह है मामला :*** *हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी सितंबर, 2005 में बरेली में हुई हिंसा के संबंध में एक आरोपी द्वारा दायर जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान की गई। यह घटना तब घटी जब इत्तेफाक मिन्नत परिषद के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा ने कथित तौर पर राज्य के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया और उस पर मुस्लिम युवाओं के खिलाफ अत्याचार और झूठे मामले दर्ज करने का आरोप लगाया। बिहारिपुर में एक सभा के दौरान कथित तौर पर 'सर तन से जुदा' के नारे लगाए गए थे।*

रायपुर

शनिवार, 20 दिसंबर 2025

पौष शुक्ल पक्ष प्रतिपदा

वर्ष: 24, अंक: 151

पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 27.3

न्यून. 12.2


SHREE CEMENT LTD.

## सीमेंट संयंत्र में हड़ताल के 9वें दिन प्रबंधन ने किया लॉकआउट, श्रमिक नो वर्क नो पेमेंट पर

# बड़ा संकट... श्री सीमेंट संयंत्र में अब ताला हिरासत में इंटक नेता, 300 कर्मचारी टर्मिनेट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

खास खबर

ग्राम खपराडीह स्थित सीमेंट संयंत्र में श्रमिकों की हड़ताल के 9वें दिन बीते गुरूवार से संयंत्र प्रबंधन ने आगामी आदेश तक लॉकआउट की घोषणा कर दी है। इस निर्णय के बाद संयंत्र की सभी गतिविधियां बंद कर दी गई हैं। इसके साथ ही संयंत्र ने अपने लगभग 300 रेगुलर कर्मचारियों को टर्मिनेशन लेटर भी जारी कर दिया है। विदित हो कि संयंत्र के लगभग 1300 श्रमिक बीते 10 दिसम्बर से ओवर टाइम का दोगुना भुगतान, ▶▶|शेष पेज 5 पर



### इंटक अध्यक्ष गिरफ्तार 300 कर्मचारी टर्मिनेट

श्रमिकों ने बताया कि लॉक आउट की घोषणा होने के बाद गुरूवार शाम इंटक के अध्यक्ष दिलीप वर्मा को पुलिस अपने साथ ले गई। और संयंत्र के 300 कर्मचारियों को प्रबंधन ने टर्मिनेशन लेटर जारी किया है। श्रमिकों का कहना है कि टर्मिनेशन लेटर में जिन कारणों का उल्लेख किया है, वह पूरी तरह से निराधार है।

## भरी ठंड में धरने पर बैठे विपक्षी सांसद

# आधी रात को राज्यसभा में पास हुआ वीबी जी राम जी बिल



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल, 2025 राज्यसभा से भी पास हो गया। वहीं, बिल के दोनों सदनों से पास होने के बाद विपक्षी संसद वीबी-जी राम जी विधेयक के खिलाफ आधी रात को ही संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन पर बैठ गए। राज्यसभा में विधेयक पारित होने से ▶▶|शेष पेज 5 पर

### चाय पार्टी में पहुंचे मोदी-प्रियंका सहित पक्ष-विपक्ष के नेता

लोकसभा अध्यक्ष ने सभी सांसदों को चाय पर निमंत्रित किया जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव सहित सत्तापक्ष व विपक्ष के अन्य नेता उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन सट्टेबाजी के अवैध कारोबार व मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ ईडी की कार्रवाई

# युवराज, उथप्पा, सूद, उर्वशी व सांसद मिमी चक्रवर्ती की करोड़ों की संपत्ति ईडी ने की जब्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

ऑनलाइन सट्टेबाजी के अवैध कारोबार के खिलाफ ईडी ने अंतरराष्ट्रीय बेटिंग ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह, रॉबिन उथप्पा और बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, सोनू सूद व टीएमसी सांसद व अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती, अंकुश हाजरा समेत कई हस्तियों की करोड़ों रुपये की चल-अचल संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। इन मशहूर हस्तियों पर आरोप है कि उन्होंने इस अवैध प्लेटफॉर्म का प्रचार किया या इससे प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से वित्तीय लाभ प्राप्त किया, जबकि यह ऐप ▶▶|शेष पेज 5 पर

- ईडी द्वारा कुल 19 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच

### पहले इनकी संपत्ति हुई है जब्त

ईडी ने पहले भी 1एक्स बेट मामले में कई बड़े नामों के खिलाफ कार्रवाई की है। क्रिकेटर शिखर धवन से जुड़ी 4.55 करोड़ रुपये और पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना से जुड़ी 6.64 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की गई हैं। अब 1 एक्स बैट मामले में जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 19.07 करोड़ तक पहुंच गया है।





### किसकी कितनी संपति हुई अटैच

*इस मामले में ईडी ने युवराज सिंह की 2.5 करोड़ रुपये, रॉबिन उथप्पा की 8.26 लाख रुपये, उर्वशी रौतेला की 2.02 करोड़ रुपये (उनकी मां के नाम पर पंजीकृत), सोनू सूद की 1 करोड़ रुपये, मिमी चक्रवर्ती 59 लाख रुपये, अंकुश हजारा 47.20 करोड़ रुपये और नेहा शर्मा की 1.26 करोड़ रुपये की संपति अटैच की गई हैं।*



### बड़ी हस्तियों के ब्रैंड वेल्यू का किया इस्तेमाल

*ईडी की जांच में यह बात सामने आई है कि 1एक्स बेट जैसे बेटिंग ऐप्स ने भारत में अपना आधार मजबूत करने के लिए मशहूर हस्तियों के 'ब्रैंड वैल्यू' का इस्तेमाल किया। यह ऐप पिछले 18 वर्षों से ग्लोबल बुकी होने का दावा करता है और 70 भाषाओं में उपलब्ध है। हालांकि भारत में यह अवैध रूप से चल रही थीं, जहां इसने निवेशकों के करोड़ों रुपये डंप किए और विदेशी खातों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की।*

### ईडी की राडार में और भी कई लोग

ईडी ने इस कार्रवाई के जरिए एक कड़ा संदेश दिया है कि अवैध सट्टेबाजी ऐप्स का प्रचार करना भी कानून के दायरे में आता है। जब्त की गई संपत्तियों में बैंक बैलेंस, लग्जरी कारें और रियल एस्टेट संपत्तियां शामिल होने की संभावना है। बता दें कि ईडी के रडार पर कई दूसरे जानेमाने चेहरों सहित क्रिकेटरों के अलावा राजनीतिक दलों से जुड़ी कई हस्तियां भी हैं। आने वाले दिनों में इन सभी हस्तियों को पूछताछ के लिए समन भेजा जा सकता है।

## महिला और एक साथी गिरफ्तार

# सुकमा डीएसपी पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला, पीछा कर घेरा और मारा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

दंतेवाड़ा जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े डीएसपी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया, जिससे हड़कंप मच गया। डीएसपी को जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। कहा जा रहा है कि आरोपी डीएसपी का पीछा करते हुए दंतेवाड़ा पहुंचे थे।

जानकारी के मुताबिक सुकमा जिले में पदस्थ डीएसपी तोमेश वर्मा पर दंतेवाड़ा बाजार स्थित टीवीएस शोरूम के करीब चाकू से हमला किया गया है। ▶▶|शेष पेज 5 पर





जिला न्यायालय दंतेवाड़ा से लौटने के दौरान हुआ हमला

### डॉक्टर पति को सुनाई थी आपबीती

मोहन नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डीएसपी देवर का महिला के घर परिचित होने के चलते आना-जाना था। पीड़ति महिला के पति डॉक्टर है। डीएसपी महिला के घर गया था और घर में किसी के नहीं होने का फायदा उठाकर घर ▶▶|शेष पेज 5 पर

### दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था

बताया जा रहा है कि एसडीओपी वर्मा सुकमा से पहले दुर्ग में पदस्थ थे। वहां किसी महिला से कोई विवाद चल रहा था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि आरोपी ने शायद इसी नाराजगी के चलते इस घटना को अंजाम दिया होगा। फिलहाल, वर्मा सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में एसडीओपी के पद पर पदस्थ हैं। एसडीओपी तोमेश वर्मा पर वर्ष 2024 में ▶▶|शेष पेज 5 पर




## चिंतन

# अराजकता और धर्मांधता की आग में झुलस रहा बांग्लादेश

बांग्लादेश पिछले करीब डेढ़ साल से अराजकता और धर्मांधता की आग में गंभीर रूप से झुलस रहा है। इन दिनों में शायद ही कोई ऐसा महीना होगा, जब यहां हिंसा ना भड़की हो। शेख हसीना की सरकार गिराने के बाद देश में शांति लाने का वादा करने वाली मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार हिंसा रोकने में नाकाम रही। हसीना सरकार के विरोध में हिंसक आंदोलन चलाने वाले छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद बांग्लादेश में एक बार फिर आग भड़क गई। इस दौरान ढाका के पास भालुका में धर्म का अपमान करने के आरोप में एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला। युवक के शव को नग्न करके पेड़ से लटका कर आग लगा दी गई। मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में हुई है। उपद्रवियों ने देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में भी घुसकर तोड़फोड़ और आग लगा दी। भारतीय राजनयिक परिसरों और उनके घरों पर हमले किए गए हैं। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान के आवास में तोड़फोड़ की गई। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के ऑफिस को भी जला दिया गया है। भारत के पड़ोस में धधकती यह अराजकता की आग लगाातर चुनौती बढ़ा रही है। देशभर में हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। यहां इस समय एक अलग ही किस्म का पागलपन भी चल रहा है। इस पागलपन के तहत बांग्लादेश में एक वीडियो वायरल है, जिसमें 'सिराजुद्दौला साम्राज्य' की फिर से स्थापना का ख्वाब दिखाया जा रहा है, जिसमें भारत के कई हिस्से शामिल हैं। इन घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या बांग्लादेश वास्तव में सांप्रदायिक संक्रमण की ओर बढ़ रहा है या फिर सुनियोजित अस्थिरता के जाल में फंसता जा रहा है। दरअसल, मोहम्मद यूनुस असल में मोहम्मद अली जिन्ना की विचारधारा पर चल रहे हैं और उन्होंने बांग्लादेश में पाकिस्तान मॉडल लागू कर दिया। यह भारत के लिए भी चिंतनीय है। बांग्लादेश को लेकर भारत के सामने 1971 के बाद सबसे बड़ा रणनीतिक और राजनयिक संकट खड़ा हुआ है। यह चिंता विदेश मामलों पर संसद की समिति ने अपनी रिपोर्ट में जाहिर की है। कई मायनों में देखा जाए तो अभी बांग्लादेश में जिस तरह के हालात बन चुके हैं, उतनी बुरी स्थिति का सामना भारत को शायद बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन के दौरान भी नहीं करना पड़ा था। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अगुवाई वाली समिति की रिपोर्ट से निकली बातों के विश्लेषण से पता चलता है कि बांग्लादेश में जारी हिंसा की वजह से भारत के सामने कई बड़े और गंभीर संकट खड़े हुए हैं, जिनसे निपटना बहुत बड़ी चुनौती होगी। भारत की चिंता यह भी है कि बांग्लादेश चीन की रीजनल कंप्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप (आरसीईपी) में शामिल हो सकता है। चीन ने 370 मिलियन डॉलर का इस्तेमाल करके इसके मोंगला बंदरगाह का विस्तार किया है। इसके चलते भारत ने अपनी सुरक्षा के लिए खुलना-मोंगला रेलवे लाइन में निवेश किया है। बहरहाल, बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, उससे भारत को सिर्फ कूटनीतिक संकट का ही सामना नहीं करना पड़ रहा है, इसकी वजह से भारत की आतंरिक सुरक्षा का संकट भी गहरा गया है। बांग्लादेश की यूनुस सरकार भारत-विरोधी ताकतों, खासकर पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म बन गई है। वहां पाकिस्तानी सेना के माध्यम से आईएसआई की गतिविधियां बढ़ गई हैं। ऐसे समय में भारत को बड़ी सजगता के साथ काम करना होगा।



संसद सत्र
डॉ. पवन कुमार शर्मा

# 'जी राम जी' पर जीत, प्रदूषण पर चर्चा नहीं

संसद का शीतकालीन सत्र 2025 लोकतांत्रिक व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और उपलब्धिपूर्ण रहा। लोकसभा और राज्यसभा में समग्र रूप से सकारात्मक और सार्थक कार्य हुआ। सरकार और विपक्ष के बीच संवाद, प्रश्नकाल एवं शून्यकाल की सक्रियता, नए विधेयकों की प्रस्तुति तथा कई महत्वपूर्ण विधेयकों का पारित होना इस सत्र की प्रमुख विशेषताएं रहीं। विपक्ष दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण पर शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले ही चर्चा की मांग कर रहा था। सरकार इस पर चर्चा के लिए राजी भी हो गई। 18 दिसंबर को इस पर लोक सभा में चर्चा बिजनेस में लिस्टिड थी, लेकिन यह मुद्दा जी-राम-जी विधेयक पर हुए हंगामे की भेंट चढ़ गया।

संसद का शीतकालीन सत्र 2025 लोकतांत्रिक व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और उपलब्धिपूर्ण रहा। लोकसभा और राज्यसभा में समग्र रूप से सकारात्मक और सार्थक कार्य हुआ। सरकार और विपक्ष के बीच संवाद, प्रश्नकाल एवं शून्यकाल की सक्रियता, नए विधेयकों की प्रस्तुति तथा कई महत्वपूर्ण विधेयकों का पारित होना इस सत्र की प्रमुख विशेषताएं रहीं। 1 से 19 दिसंबर तक आयोजित शीतकालीन सत्र में देश की आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौतियों पर व्यापक चर्चा हुई और राष्ट्रीय महत्व के अनेक विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। सत्र की कार्यवाही अपेक्षाकृत सुचारू रही और समय का प्रभावी उपयोग किया गया जिसकी वजह से इसकी उत्पादकता उल्लेखनीय रही। शीतकालीन सत्र 2025 के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के अनुसार लोकसभा की कार्यवाही 92 घंटे 25 मिनट तक चली। 10 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए और कुल 8 सरकारी विधेयक पारित हुए। प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय मंत्रियों ने सदस्यों द्वारा पूछे गए 72 तारांकित प्रश्नों का मौखिक जवाब दिया।

लोक सभा में शून्य काल के दौरान 408 संसद सदस्यों ने लोक महत्व के मुद्दे उठाए। नियम 377 के अधीन संसद सदस्यों ने 372 मामले उठाए। शीत सत्र के दौरान संसद के पटल पर कुल 2116 पत्र रखे गए। विभिन्न विभागों से संबंधित स्थायी संसदीय समितियों ने कुल 40 रिपोर्ट्र्स पेश कीं। शीत सत्र के दौरान सांसदों की तरफ से कुल 137 प्राइवेट मेंबर्स बिल इंट्रोड्यूस किए गए। 8 दिसंबर 2025 को वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लोक सभा में प्रधानमंत्री ने चर्चा की शुरुआत की। वंदे मातरम् पर 11 घंटे 32 मिनट तक चली चर्चा में कुल 65 सांसदों ने अपनी बात रखी। इसके बाद 9-10 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और चुनाव सुधारों पर कुल 13 घंटे चर्चा हुई और इसमें पक्ष-विपक्ष के 63 सांसदों ने हिस्सा लिया। सत्र के दौरान हंगामा, बहस और विधायी कार्य सब कुछ हुआ। शीतकालीन सत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि 'विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी बिल, 2025 (जी राम जी बिल) का संसद के दोनों सदनों से पारित होना रहा। शीत सत्र के दौरान यही विधेयक सबसे अधिक हंगामे का कारण बना। लोक सभा में 17-18 दिसंबर को विपक्ष के विरोध के बीच ये बिल दोनों सदनों से पास हो गया। इसे पुराने मनरेगा की जगह नया ग्रामीण रोजगार कानून बनाया जा रहा है, जिसमें हर वर्ष 125 दिनों की मजदूरी की गारंटी है। संसद के दोनों सदनों में देर रात चली घंटों की लंबी चर्चा के बावजूद यह विधेयक सरकार बनाम विपक्ष की जंग का कारण बना। सरकार जहां इसे 'विकसित भारत' की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम बता रही है, वहीं विपक्ष ने इसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान बताया। सरकार के मुताबिक यह विधेयक मनरेगा का अपग्रेडेशन है और 125 दिन रोजगार की गारंटी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था चमकेगी। दूसरी तरफ विपक्ष का कहना है कि यह बिल मनरेगा को कमजोर करेगा। लिहाजा इसे स्टैंडिंग कमेटी को भेजा जाना चाहिए। हालांकि विपक्ष की यह मांग ध्वनिमत के आगे धराशायी हो गई।



न्यूक्लियर एनर्जी से जुड़ा एक महत्वपूर्ण बिल भी विंटर सेशन में पारित हुआ है। सस्टेनेबल हार्नेसिंग ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया बिल दोनों सदनों से पास हो गया है। यह विधेयक भारत को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और अन्य ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता कम करने की दिशा में बड़ा कदम है। इसे क्लीन-एनर्जी भविष्य के साथ ही 2070 तक नेट जीरो इमिशन और 2047 तक देश की न्यूक्लियर ऊर्जा क्षमता को 100 गीगावॉट तक बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इस दौरान टैक्स और जीएसटी से जुड़े बिल भी पास हुए। इनमें सिगरेट, तंबाकू, पान मसाला जैसे 'सिन गुड्स' पर लगने वाले सेस को जीएसटी कंपनसेशन के रूप में इस्तेमाल करने वाले दो फाइनेंस बिल शामिल हैं। मणिपुर जीएसटी (दूसरा संशोधन) बिल 2025 पास हुआ जो राज्य स्तर पर जीएसटी कानून को राष्ट्रीय ढांचे से जोड़ता है। मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण, चुनाव सुधार एवं राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण जैसे मुद्दों ने भी पूरे सत्र के दौरान सुर्खियां बटोरीं। जुलाई-अगस्त 2025 में, संसद का मॉनसून सत्र स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और इलेक्टोरल रोल्स विवाद के चलते हंगामे की भेंट चढ़ गया था। शीत सत्र के दौरान भी विपक्ष ने आरोप लगाया कि बूथ लेवल ऑफिसर्स पर रोल रिवीजन के नाम पर दबाव डाला जा रहा है जिसके चलते वे सुसाइड कर रहे हैं।

दोनों सदनों में नारे, वॉकआउट और स्थगन हुए। शीतकालीन सत्र में चुनाव सुधारों पर दोनों सदनों में घंटों चर्चा के बावजूद यह मुद्दा खत्म नहीं हुआ है। विपक्ष दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण पर शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले ही चर्चा की मांग कर रहा था। सरकार इस पर चर्चा के लिए राजी भी हो गई। 18 दिसंबर को इस पर लोक सभा में चर्चा बिजनेस में लिस्टिड थी, लेकिन यह मुद्दा जी-राम-जी विधेयक पर हुए हंगामे की भेंट चढ़ गया। हंगामे की वजह से इस पर समुचित चर्चा नहीं हो सकी। लोकसभा में यह चर्चा नियम 193 के तहत होनी थी। इस नियम के तहत बिना मतदान की शॉर्ट डिस्कशन का प्रावधान है। हालांकि वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या को लेकर विपक्ष की तरफ से संसद परिसर में सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। कुछ सांसदों ने मास्क पहनकर और ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। संसद के उच्च सदन राज्यसभा में भी उत्पादकता के हिसाब से अच्छा कामकाज हुआ। राज्यसभा का यह 269वां सत्र था। राज्यसभा में कुल 92 घंटे संसदीय कार्यवाही चली और प्रोडक्टिविटी 121 फीसदी रही।

अपने समापन संबोधन में सी. पी. राधाकृष्णन ने सदन को बताया कि इस सत्र में कई उल्लेखनीय काम हुए, जिनमें प्रतिदिन औसतन 84 से अधिक शून्यकाल नोटिसों का अभूतपूर्व आंकड़ा शामिल है जो कि पिछले दो सत्रों की तुलना में 30.1 प्रतिशत ज्यादा है। शून्यकाल के दौरान प्रतिदिन 15 से अधिक मामले उठाए गए, जो लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। शीतकालीन सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में सरकार का दबदबा स्पष्ट दिखा लेकिन विपक्ष ने भी अपनी आवाज मजबूती से बुलंद की। समग्र रूप से संसद का शीतकालीन सत्र 2025 एक सफल, उत्पादक और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने वाला सत्र सिद्ध हुआ है। संसद सदस्यों ने जहां अपनी विधायी और संवैधानिक जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन किया, वहीं प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महंगाई, कृषि, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण योजनाओं से जुड़े प्रश्नों के माध्यम से सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित की गई। कुल मिलाकर यह सत्र दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सक्रियता और मजबूती का सशक्त प्रमाण है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## श्रद्धांजलि

सुनील कुमार महला



# पत्थरों को प्राण देने वाले मशहूर कलाकार का अंत

पत्थरों में जान फूंकने वाले, आधुनिक भारत के सबसे प्रभावशाली और मशहूर भारतीय मूर्तिकार पद्मश्री राम वनजी सुतार का 100 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 17 दिसंबर 2025 की मध्य रात्रि को नोएडा स्थित अपने निवास पर आखिरी सांस ली। कम ही लोग जानते होंगे कि राम सुतार ने न केवल भारत, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, बल्कि अमेरिका, फ्रांस,रूस सहित कई देशों में महात्मा गांधी की प्रतिमाएं स्थापित करके भारत का नाम रोशन किया है। वे ऐसे महान कलाकार थे जो कभी भी अंतरराष्ट्रीय प्रचार के पीछे नहीं भागे। उनका मानना है-'कला बोलती है, कलाकार नहीं।' उनकी रचनात्मकता के लिए उन्हें पद्म विभूषण भी प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि उनके बेटे अनिल सुतार भी मूर्तिकार हैं और कई बड़े प्रोजेक्ट्स में पिता के साथ काम कर चुके हैं और यह विरासत आधुनिक भारत में दुर्लभ है। उन्होंने कभी अतिशयोक्तिपूर्ण या अमूर्त शैली को नहीं अपनाया। उनके अनुसार, 'इतिहास के व्यक्तित्व को जनता उसी रूप में देखना चाहती है, जैसे वह था।' उन्होंने दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा बनाई है, जो गुजरात में स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा है, जिसे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी कहा जाता है। दिलचस्प तथ्य यह है कि राम सुतार ने सरदार पटेल की सबसे अधिक मूर्तियां बनाई हैं। इतनी कि उन्हें 'पटेल का आधिकारिक शिल्पकार' भी कहा जाता है। सच तो यह है कि 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' उनके जीवन का शिखर कार्य है। राम सुतार का जन्म महाराष्ट्र के गोंडूर गांव में एक



साधारण,गरीब कारीगर (सुतार) परिवार में 19 फ़रवरी 1925 को हुआ था। बचपन में उन्होंने लकड़ी पर नक्काशी का काम पारिवारिक परंपरा से सीखा-यहीं से मूर्तिकला की नींव पड़ी। उन्होंने जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट, मुंबई से पढ़ाई की, लेकिन उनकी कला में शुद्ध अकादमिक शैली के साथ भारतीय लोक और ग्रामीण संवेदना भी साफ दिखती है। राम सुतार ने अपने करियर में कई प्रसिद्ध मूर्तियां बनाई है, जिनमें स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के अलावा महात्मा गांधी, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर, छत्रपति संभाजी महाराज, भगवान शिव और अनेक प्रतिमाएं शामिल हैं। राम सुतार ने महात्मा गांधी की 350 से अधिक मूर्तियां बनाईं हैं, जो दुनिया भर में स्थापित है। बेंगलूरु में स्थित भगवान शिव की 153 फीट ऊंची प्रतिमा भी उनकी प्रमुख कृतियों में से एक मानी जाती है। इसी प्रकार से मोशी, पुणे में स्थित छत्रपति संभाजी महाराज की 100 फीट ऊंची प्रतिमा भी उनकी प्रमुख कृतियों में से एक है। भारत और विदेशों में उन्होंने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बहुत सी कृतियां बनाईं हैं। विभिन्न राष्ट्रीय स्थलों पर उनकी बनाई इंदिरा गांधी की प्रतिमाएं भी स्थापित हैं। अयोध्या के लता मंगेशकर चौक पर स्थापित विशाल वीणा भी उनकी कला का अनुपम उदाहरण है। उनकी प्रतिभा को उनके गुरु रामकृष्ण जोशी ने पहचाना और उन्हें मुंबई के प्रतिष्ठित जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट्स में दाखिला लेने के लिए प्रेरित किया। यही से उनकी मूर्तिकला की यात्रा शुरू हुई, जो आगे चलकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति तक ले गई। गौरतलब यह भी है कि वे इस स्कूल ऑफ आर्ट (जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट्स) से अपने समय में स्वर्ण पदक विजेता थे। वे 1959 में महाराष्ट्र से दिल्ली आ गये थे। दिल्ली आकर उन्होंने सूचना और प्रसारण मंत्रालय में नौकरी भी की लेकिन कला के प्रति गहरे समर्पण के कारण उन्होंने इसे छोड़ दिया था। विख्यात मूर्तिकार राम सुतार को पिछले महीने ही महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया था और उन्हें सम्मानित करने के लिए महाराष्ट्र सरकार उनके नोएडा में सेक्टर-19 स्थित घर पहुंची थी। देश के सबसे प्रतिष्ठित और अनुभवी मूर्तिकार राम वनजी सुतार का निधन कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ऐसे महान व बड़े मूर्तिकार को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उनके कार्य में अद्भुत सहजता और उच्च कोटि की निपुणता स्पष्ट झलकती है। उन्होंने ऐसी मूर्तियाँ गढ़ी हैं, जो यथार्थ की सीमाओं को छूती प्रतीत होती हैं। उनके लिए मूर्तिकला मात्र कला नहीं, बल्कि गहन विज्ञान का समन्वय है; यही कारण है कि उनके द्वारा रचित शिल्प आकार ही नहीं, भाव, ऊर्जा और चेतना के स्तर पर भी पूर्णतः सजीव दिखाई देते हैं। राम सुतार आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन दुनिया के करीब पांच सौ शहरों में उनके द्वारा निर्मित प्रतिमाएं उनकी याद दिला रही हैं। ऐसे में, भारत ही नहीं, अनेक देशों में लोग उन्हें भुला न पाएंगे। उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि उनकी कला और परंपरा को आगे बढ़ाया जाए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भजन ही शरीर का प्राण है



संकलित
दर्शन

काकभुशुंडि जी कहते हैं, मेरे इस भाव परिवर्तन से मेरे परमकृपालु सदाशिव विश्वनाथ मुझ पर और भी अधिक प्रसन्न हो गए। उन्हें लगा कि मेरे इस भक्त (काकभुशुंडि) का प्रवेश मेरे हृदय में हो गया है और इसने देख लिया कि मेरे इष्ट तो बालक राम हैं, जो अयोध्या में दशरथ के अजिर में मालपुआ लेकर घूमते रहते हैं। काकभुशुंडि जी हमें और आपको यह बताना चाहते हैं कि जब उन्होंने कौआ होकर भी भगवान को पा लिया तो हम लोगों के भाग्य के लिए तो शब्द ही नहीं हैं। प्रभु श्रीरामचंद्र जी ने स्वयं भी समस्त चराचर के कल्याण के लिए मनुष्य का ही शरीर धारण कर लिया है। वे कहते हैं कि इस शरीर को पाने का मात्र एक ही लाभ है कि व्यक्ति भगवान का भजन करे। भक्त काकभुशुंडि ने मनुष्य शरीर से भजन करने के प्रताप और फल को बताते हुए कहा कि ज्ञानी ऋषि लोमश ने मेरे अंदर भक्ति के प्रति पक्षपात देखकर भले ही मुझे अपनी दृष्टि से कौआ बनने का शाप दिया था, पर वह मेरे लिए वरदान हो गया। महत्व इसका नहीं है कि हम किस शरीर, किस देश, किस जाति और धर्म के हैं। काकभुशुंडि जी कहते हैं कि महत्वपूर्ण यह है कि हम भगवान की भक्ति और भजन कर रहे हैं या नहीं? भजन ही शरीर का प्राण है। गोस्वामी जी ने इस बात पर जोर दिया है कि जिसने इस धरा पर जन्म लेकर भगवान का भजन कर लिया, बस वही धन्य है। उसी की विजय होती है, वही संसार में सबके प्रति विनयी होता है, वही गुणों की खान होता है और सारे विश्व में उसी का यश त्रैलोक्य में उजागर होता है।

## एक दिन का पुण्य ही क्यूँ



संकलित
प्रेरणा

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहाँ से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे छमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूँ तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारीः बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**सोने की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित किया जाए**

भारतवर्ष कभी सोने की चिड़या थी और भारत था भी सर्वाधिक सम्पन्न देश। टनों के हिसाब से सोना मंदिरों और पूजा-स्थलों में भरा था। आतताइयों ने मंदिरों को तहस नहस कर अपने देशों को समृद्ध बनाया। ऐसा वे बार बार करते रहे और भारत के सोने के भंडार खाली नहीं होते थे। आजकल सोना इतना महंगा हो गया कि गरीब बेटी के हाथ पीले करने के बारे में सोच भी नहीं सकता, पीली धातु का होना एक अभिशाप बन गया। कारण चाहे कुछ भी हो, सोने के दाम एक लाख रुपए ऊपर चले जाना बड़ी एवं दु:खद बात है। एक बात स्पष्ट है कि एक विशाल सम्पन्न देश इसकी बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने में विफल है या नियंत्रण लगाना ही नहीं चाहता। **-संकेत अग्रवाल**, रायगढ़

## करंट अफेयर

### भारत पर पाक का सिंधु जल संधि कमजोर करने का आरोप

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इसहाक डार ने शुक्रवार को कहा कि भारत सिंधु जल संधि को लगातार कमजोर कर रहा है और इस तरह का उल्लंघन समझौते के मूल सिद्धांतों पर प्रहार है। डार पाकिस्तान के विदेश मंत्री भी हैं। वह पाकिस्तान द्वारा चिनाब नदी के प्रवाह में बदलाव के संबंध में भारत से स्पष्टीकरण मांगे जाने के एक दिन बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, "हमने इस वर्ष अप्रैल में भारत की ओर से सिंधु जल संधि से एकतरफा रूप से हटने की कार्रवाई देखी... लेकिन अब हम भारत द्वारा किए जा रहे ऐसे गंभीर उल्लंघन देख रहे हैं, जो सिंधु जल संधि के मूल सिद्धांतों पर प्रहार करते हैं और क्षेत्रीय स्थिरता एवं अंतरराष्ट्रीय कानून की पवित्रता दोनों के लिए गंभीर परिणाम वाले हैं।" इस साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक उपाय किए, जिनमें 1960 की सिंधु जल संधि को ''स्थगित'' करना भी शामिल था। विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई यह संधि 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के वितरण और उपयोग को नियंत्रित करती रही है।



## ऑफ बीट

### भांग की सूक्ष्म खुराक से अल्जाइमर रोकने में मदद

विश्व भर में जैसे-जैसे बुजुर्ग आबादी रही है, उसके साथ ही अल्ज़ाइमर रोग जैसी मनोभ्रंश (डिमेंशिया) समस्याओं से पीड़ित लोगों की तादात भी बढ़ रही है। इस समस्या के लिए सीमित उपचार और उपलब्ध दवाओं की सीमित प्रभावशीलता को देखते हुए, नए उपचारात्मक तरीकों में रुचि बढ़ रही है। इन तरीकों में भांग (कैनाबिस) के पौधे से प्राप्त कैनाबिनॉयड्स भी शामिल हैं। कैनाबिनॉयड्स का मतलब है भांग (कैनाबिस) के पौधे में पाए जाने वाले या कृत्रिम रूप से बनाए गए ऐसे रासायनिक यौगिक, जो शरीर के एंडोकैनाबिनॉयड तंत्र पर असर डालते हैं। अंतरराष्ट्रीय जर्नल ऑफ़ अल्ज़ाइमर्स डिज़ीज़ में प्रकाशित ब्राजील के एक नए छोटे अध्ययन में हल्के अल्ज़ाइमर रोग से पीड़ित मरीजों पर भांग के सत की सूक्ष्म खुराकों के प्रभावों की जांच की गई। परिणामों में भांग से जुड़ा "नशा" पैदा किए बिना सकारात्मक प्रभाव पाए गए। इसमें भांग के सत से तैयार एक तेल के दैनिक उपयोग के प्रभावों का मूल्यांकन किया गया, जिसमें टीएचसी और सीबीडी समान अनुपात में तथा अत्यंत कम सांद्रता में (प्रत्येक कैनाबिनॉयड 0.3 मिलीग्राम) मौजूद थे। ये उप-मन:प्रभावी खुराक पौधे के मौज-मस्ती के लिए किए जाने वाले उपयोग से जुड़े "नशे" का कारण नहीं बनतीं।



## ट्रेंड

### महत्वपूर्ण बदलाव



भारत के रूपांतरण हेतु सतत परमाणु ऊर्जा दोहन एवं विकास (शांति) विधेयक, 2025 का संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित होना भारत की प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा संबंधी महत्वाकांक्षाओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है।
**-नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### फ्लाईओवर का लोकार्पण



जब विकास की सोच वाली डबल इंजन की सरकार आती है तो विकास भी उतनी ही तीव्र गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई देता है। आज गोरखपुर में अत्याधुनिक रेलवे फ्लाईओवर का लोकार्पण किया।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### विरासत का संरक्षण



असम के लिए महाराजा कुमार भास्कर वर्मा का योगदान अतुलनीय है। संस्थानों, बुनियादी ढाँचे और प्रतिमाओं के माध्यम से उन्हें सम्मानित करके, हम अपनी विरासत को संरक्षित कर रहे हैं ताकि आने वाली पीढ़ियाँ गौरव, प्रेरणा और एक सशक्त पहचान की भावना प्राप्त कर सकें।
**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### भारत की असली ताक़त




दरगाह हज़रत ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (रह.) अजमेर शरीफ़ की तालीम "मोहब्बत सबके लिए, नफ़रत किसी से नहीं", आज के दौर में और भी ज़्यादा प्रासंगिक है। भाईचारा, लोकतंत्र और संविधान की हिफ़ाज़त ही भारत की असली ताक़त है।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
मोदी संग बढ़त हे छत्तीसगढ़
पीएम आवास योजना
26 लाख
से अधिक परिवारों को पक्की छत देने वाले
महतारी वंदन योजना
70 लाख
महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने वाले
पीएम किसान सम्मान निधि
26 लाख
किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौटाने वाले
तेंदूपत्ता संग्रहण दर ₹5500 मानक बोरा
13 लाख
संग्राहक परिवारों के चेहरे पर मुस्कान लाने वाले
उद्यम क्रांति योजना
युवाओं को स्वरोज़गार के लिये 50% सब्सिडी पर ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराने वाले
दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना
5.62 लाख
भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष ₹10,000 की आर्थिक सहायता देने वाले
प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना
37 लाख
महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने वाले
श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना
37 हजार
से अधिक राम भक्तों को अयोध्या धाम की निःशुल्क यात्रा कराने वाले
छत्तीसगढ़ में शांति, विश्वास और विकास का मार्ग हो रहा प्रशस्त
श्री विष्णु देव साय
मान. मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in




# वॉर ड्रामा फिल्म इक्कीस में दिखी धर्मेंद्र की झलक

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' अब इस साल रिलीज न होकर नए साल पर रिलीज हो रही है। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म का अब फाइनल ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर पहले भी आ चुका है, लेकिन अब ये फाइनल ट्रेलर आया है। 2 मिनट 11 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत जयदीप अहलावत की आवाज से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'उस धुएं और बारूद की बू आज भी याद है मुझे। हम तारीख बदलने वाले थे, लेकिन उस एक लड़के ने हमारी तकदीर ही बदल दी।' इसके बाद ट्रेलर में युद्ध के जबरदस्त सीन और गोलियों और बम के धमाकों की आवाजें सुनने व देखने को मिलती हैं। सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के किरदार में अगस्त्य नंदा सेना की वर्दी में जचते हैं। ट्रेलर के अंत में धर्मेंद्र नजर आते हैं और बैकग्राउंड में 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' गाना बजता है।

लाइफ Style

# राधिका

## मैं 16 घंटे काम नहीं कर सकती



राधिका आप्टे भी वर्किंग आवर को लेकर चल रही बहस में शामिल हो गई हैं। अब उन्होंने भी दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की मांग पर सहमति जताते हुए अपनी बात रखी है। राधिका ने यहां तक कह दिया कि जब तक कि प्रोड्यूसर्स 12 घंटे की शिफ्ट से सहमत न हों वो काम नहीं कर पाएंगी। मां बनने के बाद दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की डिमांड को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और अब इस डिमांड में एक और फीमेल बॉलीवुड एक्ट्रेस शामिल हो गई हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पिछले कुछ महीनों से मां बनने के बाद काम के घंटों की लेकर बहस ने जोर पकड़ रखी है। हाल ही में राधिका ने अपनी बेटी का पहला बर्थडे सेलिब्रेट किया है। महिला एक्ट्रेसेस खासकर न्यू मॉम्स के लिए काम के घंटों पर बहस पिछले कुछ महीनों से लगातार चल रही है। इसकी शुरुआत दीपिका पादुकोण की तरफ से कथित तौर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट ' से वर्किंग आवर को लेकर 8 घंटे की मांक से शुरू हुई, जिसके बाद खबर आई कि मेकर्स ने उन्हें फिल्म से आउट कर दिया। अब राधिका आप्टे ने इस मांग पर सहमति जताई और खुशी भी कि आखिरकार इस विषय पर बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, 'मैं तब तक काम नहीं कर पाऊंगी जब तक मेकर्स 12 घंटे की शिफ्ट के लिए सहमत नहीं हो जाते। 12 घंटे से मेरा मतलब है, पूरी शिफ्ट यानी जिसमें मेकअप और हेयर स्टाइल सब हो। वर्ना हम असल में 16 घंटे काम कर रहे होते हैं, क्योंकि तब आपको कम से कम 14 घंटे सेट पर रहना पड़ता है, जिसमें हेयर स्टाइल, मेकअप और शिफ्ट का कुछ और काम शामिल है। इसके बाद आपको कम से कम डेढ़ घंटे का ट्रैवल करना पड़ता है, चाहे आप कहीं से भी काम कर रहे हों।' राधिका ने कम के तय समय पर जोर देते हुए कहा कि आप 16 घंटे तक घर से दूर नहीं रह सकते, वरना आप अपने बच्चे को कभी देख ही नहीं पाएंगे। उन्होंने फिल्मों में काम करने वाली एक्ट्रेसेस जो मां बन चुकी हैं उनकी मुश्किलों पर बात करते हुए कहा, 'आपको वीकेंड पर छुट्टी भी नहीं मिलती, कभी-कभी तो लंच ब्रेक भी नहीं मिलता। इसलिए, मेरे लिए इस तरह काम करना संभव नहीं है। मैं ऐसे अधिकतर प्रॉजेक्ट पर काम नहीं कर पाऊंगी क्योंकि बहुत से लोग इससे सहमत नहीं होंगे।'

# वही पुरानी कहानी, फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नहीं



**नई दिल्ली।** रिश्ते रहें ना रहें प्यार तो हमेशा रहता है। दोस्ती, रिलेशनशिप और प्यार की अहमियत को दिखाती चार लड़कियों की कहानी वाला शो 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' का चौथा सीजन शुक्रवार को रिलीज हो चुका है। ये सीरीज का फाइनल सीजन है। 2019 में शुरू हुई इस सीरीज के पहले और दूसरे सीजन को महिलाओं की कहानी और उनकी बोल्डनेस के चलते दर्शकों और क्रिटिक्स ने काफी पसंद किया था। हालांकि, तीसरा सीजन आते-आते कहानी कहीं न कहीं सिर्फ बोल्डनेस तक सीमित रह गई और नयापन खोने लगी। इस सीजन में सीरीज के फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नया नहीं लगता है। पिछले तीन सीजन की तरह ही सीरीज प्यार रिलेशनशिप, एलजीबीटक्यू और दोस्ती को लेकर मैसेज देने का प्रयास करती है। जिसमे कहीं-कहीं सफल भी होती है। लेकिन, कहानी में कुछ भी नया या अलग नहीं है। सिंपल कहानी जो एक ही रफ्तार में आगे बढ़ती है। बीच में प्रेडिक्टेबल ब्रेकर आते हैं और फिर अंत में हमेशा की तरह एक हैप्पी एंडिंग, जहां सबकुछ सही हो जाता है। कुछ एक कैमियो भी हैं।

# हैप्पी पटेल का ट्रेलर रिलीज, वीर पर भारी पड़े आमिर- इमरान



**मुंबई।** वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म मजेदार लग रही है। 2 मिनट और 38 सेकेंड में इसमें कॉमेडी का भरपूर डोज है, जमकर गालियां हैं और एक बेवकूफ सीक्रेट एजेंट है, जो काम कम और गलतियां ज्यादा करता है। ट्रेलर की शुरुआत 'अल्फा मेल-अल्फा मेल' की गूंज से होती है, जो इसके हीरो और को-डायरेक्टर वीर दास के लिए है, लेकिन असल मजमा लूट ले जाते हैं आमिर खान और पर्दे पर 10 साल बाद कमबैक कर रहे उनके भांजे इमरान खान। ट्रेलर अपने पहले फ्रेम से ही यह साफ कर देता है कि यह फिल्म कोई स्पाई एक्शन थ्रिलर नहीं, बल्कि अपने हल्के-फुल्के अंदाज, अजीब किरदारों और कॉमिक ट्विस्ट से दर्शकों का मनोरंजन करने वाली है। ट्रेलर देखकर इंटरनेट यूजर्स को इमरान खान और वीर दास की 2011 की फिल्म 'देली बेली' की भी याद आ गई है। कई लोग इसे 'देली बेली 2' बता रहे हैं। 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' वीर दास की फिल्म है। वह इसके डायरेक्टर, को-राइटर और को-प्रोड्यूसर तीनों हैं। वीर एक बेहतरीन स्टैंडअप कॉमेडियन हैं और उनका वही डार्क ह्यूमर इसमें भी दिखता है। कहानी एक ऐसे इम्परफेक्ट एजेंट की है, जिसे एक परफेक्ट मिशन पर इंडिया भेजा जाता है। एक ऐसा जासूस जो दुश्मनों को पीटता कम है।

# 14 साल बाद टीवी पर लौटेंगे अक्षय होस्ट करेंगे व्हील ऑफ फॉर्च्यून शो



**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार फिल्मों में लोगों को एंटरटेन करने के बाद अब 14 साल बाद टीवी पर गेम खिलाने के लिए आ रहे हैं। वो एमी अवॉर्ड विनर टीवी गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' भारत में लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। आठ बार एमी अवॉर्ड जीतने वाला अमेरिका का नंबर वन टेलीविजन गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' अब भारत में सोनी टीवी और सोनी लिव पर प्रसारित होने के लिए तैयार है। अक्षय कुमार शो में बतौर होस्ट शामिल होंगे। सोनी टीवी की ओर से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया गया, 'दुनिया के सबसे बड़े टेलीविजन गेम शो ने भारत को नमस्ते कहा है।' इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। हालांकि, अभी तक शो की रिलीज डेट और कंटेस्टेंट के नाम सामने नहीं आए हैं। इस गेम शो से जुड़ने पर अभिनेता अक्षय कुमार ने भी खुशी जाहिर की है। एक्टर ने कहा कि 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' दुनिया भर में लाखों लोगों का पसंदीदा शो रहा है। मैं इसके भारतीय संस्करण को यहां के दर्शकों के सामने पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। कई पीढ़ियों से चली आ रही शो की लोकप्रियता और पहेलियां सुलझाने का रोमांच इसे दुनियाभर में लोकप्रिय बना चुका है। मुझे भरोसा है कि भारतीय दर्शक भी इसका भरपूर आनंद लेंगे। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव के जरिए 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' भारतीय दर्शकों को अलग-अलग प्लेटफार्म्स पर शानदार तरीके से जोड़ेगा।

### पलक झपकाने का नहीं मिलेगा मौका


नई दिल्ली। माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' 19 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज हो गई है। इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज के कुल 6 एपिसोड्स एक साथ रिलीज हुए हैं। हर कातिल कत्ल के पीछे कोई ना कोई सबूत छोड़ जाता है, लेकिन यहां माजरा थोड़ा उल्टा है।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक, इस वीकेंड ओटीटी पर लगा एंटरटेनमेंट का फुल तड़का

**नई दिल्ली।** अगर आप वीकेंड पर घर बैठे एंटरटेनमेंट का पूरा डोज लेना चाहते हैं, तो यह हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। रोमांस, हॉरर-कॉमेडी, क्राइम थ्रिलर और डार्क ड्रामा- हर जॉनर को पसंद करने वालों के लिए इस बार कुछ न कुछ खास मौजूद है। दिसंबर के इस वीकेंड पर कुल 5 नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज हुई हैं, जो आपकी बिंज-वॉच लिस्ट को और लंबा करने वाली हैं।

**शुभचिंतक** : गुजराती सिनेमा को एक नया और बोल्ड मोड़ देती है 'शुभचिंतक', जो 18 दिसंबर 2025 से शेमारू मी पर स्ट्रीम हो रही है। यह डार्क कॉमेडी-थ्रिलर एक ऐसे नौसिखिए की कहानी है, जो बदला लेने के लिए हनी-ट्रैप का सहारा लेता है।



### एक दीवाने की दीवानियत

नेटफ्लिक्स पर 16 दिसंबर से स्ट्रीम हो रही 'एक दीवाने की दीवानियत' एक इंटेंस रोमांटिक ड्रामा है। कहानी एक ऐसे आशिक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी मोहब्बत धीरे-धीरे जुनून में बदल जाती है। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की केमिस्ट्री इस कहानी को और भी भावनात्मक बना देती है। यह सीरीज़ प्यार, पागलपन और पजेसिवनेस के बीच की महीन रेखा को दिखाती है।

# 3 इडियट्स की सीक्वल होगी 4 इडियट्स और चौथा एक्टर होगा तगड़ा सुपरस्टार!

**मुंबई।** आमिर खान की सुपरहिट फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल की बात जोरों पर है। इन सबके बीच, फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। इसका टाइटल '4 इडियट्स' हो सकता है और चौथे इडियट को ढूंढने के लिए मेकर्स जोर-शोर से जुटे हुए हैं। फिलहाल स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और इसका टाइटल है 4 इडियट्स। हालांकि, यह टाइटल अभी बदला जा सकता है, मेकर्स इस फ्रेंचाइजी को इसकी पुरानी तिकड़ी से आगे बढ़ाने के लिए एक सुपरस्टार की तलाश में हैं। निर्माता चौथे इडियट की खोज में जुटे हैं, जो एक सुपरस्टार हो सकता है। लेखन का काम जारी है और टीम यह तय करने में लगी है कि यह और भी बड़ी और बेहतर हो और पहले पार्ट के अंत से आगे बढ़े। हालांकि, यह सिर्फ एक साधारण सिलसिला नहीं होगा, बल्कि इसमें नए एलिमेंट भी शामिल किए जाएंगे ताकि चौथे लीड स्टार को शामिल करना बेहतर साबित हो सके।



### एक कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई 3 इडियट्स

*जहां उम्मीद है कि आमिर खान, आर. माधवन, शरमन जोशी और करीना कपूर खान से 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म से अपने रोल्स को दोहराएंगे, वहीं चौथे इडियट को लेकर अटकलें जल्द ही सबके बीच आएंगी। '4 इडियट्स' केवल एक अस्थायी टाइटल है और बाद में इसमें बदलाव हो भी सकता है और नहीं भी। फिर भी, चौथे एक्टर को लेकर बातें जोरों पर हैं, जो संभवतः एक सुपरस्टार हो सकता है। 2009 में रिलीज हुई फिल्म '3 इडियट्स' एक कल्ट क्लासिक बन गई और इसने भारत की शिक्षा प्रणाली पर देशव्यापी बहस छेड़ दी। इस फिल्म ने 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया और उस समय बॉलीवुड के लिए नए मानक स्थापित किया। इसके सीक्वल का निर्देशन राजकुमार हिरानी करेंगे।*

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal
MD, DM (Cardiology)
Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण
• आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी,
• सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण)
• गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

NMH निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
24/7 Emergency Services
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

**Chhattisgarh State Power Distribution Company Ltd. (CSPDCL)**
*(Successor Company of CSEB) (A Chhattisgarh State Govt. Undertaking)*
O/o Executive Director (RA&PM) 4th Floor, Seva Bhawan, Danganiya, Raipur - 492001 (C.G.)
Phone (No.): 0771-2574441 *E-mail:* cecomcseb@rediffmail.com *Website:* www.cspdcl.co.in

**No./02-02/ED(RA&PM)/EoI/KUSUM-A/2025-26/4244 Dtd: 16.12.2025**

**NOTICE INVITING TENDER**

**Request for Selection (RfS) RFS No. 8100048442**

**To set up minimum 500KW and maximum 2MW capacity grid connected ground mounted solar PV power plants under Component A of Pradhan Mantri Kisan Urja Suraksha Evam Utthaan Mahabhiyan (PM-KUSUM) on barren/uncultivable land located within 05 Kms radius of 33KV/11KV substation to facilitate easy evacuation of solar power from farmers/ Group of farmers/ Cooperative Societies/ Panchayats/ Farmer Producer Organizations (FPO)/ Water User Associations (WUA)" Component A of Pradhan Mantri Kisan Urja Suraksha Evam Utthaan Mahabhiyan (PM-KUSUM) at various locations in the state of Chhattisgarh for sale of Solar Power to CSPDCL for the period of 25 years.**

The detailed guidelines are available on the CSPDCL web portal www.cspdcl.co.in.

The CSPDCL reserves right to accept or reject any or all proposals.

Last date of submission is 26.12.2025 till 17:00 hrs in the O/o Executive Director (RA&PM) 4th Floor, Seva Bhawan, Danganiya, Raipur - 492001 (C.G.) Phone (No.): 0771-2574441

**Executive Director(RA&PM)**
**CSPDCL Raipur**

SAVE ELECTRICITY

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम**
**चाईबासा**

पत्रांक :–.............................. चाईबासा / दिनांक..............................

**:: शुद्धि -पत्र ::**

इस कार्यालय के पत्रांक 2010 दिनांक 17.11.2025 द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन ई– निविदा सूचना सं० RDD/SD/CHAIBASA/12/2025-26 के समूह संख्या 08 को अपरिहार्य कारणों से स्थागित किया जाता है। जिसका PR No. 366170 West Singhbhum(25-26)_D है। ह०/–

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
PR 368982 West Singhbhum (25-26)_D प० सिंहभूम चाईबासा

**कार्यालय नगरपालिका परिषद खरसिया, जिला- रायगढ़ (छ.ग.)**

palikakharsia@gmail.com Tel Phone No. 07762-272277
क्रमांक/2850/ न.पा.प./रा.वि./2025 खरसिया, दिनांक 19/12/2025

**// दुकान नीलामी सूचना //**

नगरपालिका परिषद खरसिया अधिनस्त डॉ. भीमराव अम्बेडकर व्यवसायिक काम्प्लेक्स की दुकान 37 एवं 03 हॉल कुल 40 दुकान को कब्जे के हक के तहत देने हेतु बंद लिफाफा के माध्यम से दिनांक 09/01/26 समय 04:00 बजे तक नीलामी दर आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 09/01/26 समय 05:00 बजे खोली जावेगी।

प्रस्ताव के साथ अमानत राशि का बैंकर्स चेक / डिमॉड ड्राफ्ट जो कि ''मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद खरसिया'' के नाम से देय होगा, आरक्षित वर्ग के दुकानों हेतु आरक्षण के संबंध में सक्षम दस्तावेज तथा आधार कार्ड संलग्न करना अनिवार्य होगा। दुकानों एवं नियम–शर्त के संबंध में विस्तृत जानकारी नगरपालिका परिषद खरसिया कार्यालय के सूचना पटल अथवा राजस्व विभाग से प्राप्त किया जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद खरसिया**

# महिला ने जहर सेवन कर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

घरेलू विवाद पर एक महिला ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा निवासी अंजुलता साहू पति सतीश उम्र 35 वर्ष का मंगलवार को घरेलू बात को लेकर पति से विवाद हो गया। बुधवार की रात्रि सभी लोग खाना खाकर सो गये। रात्रि लगभग 1 बजे महिला ने पति को जगाकर जहर सेवन कर लेने की जानकारी देते हुए बचा लेने की बात कही। सतीश अपनी बेटी लेईशा साहू के साथ नमक पानी घोलकर महिला को पिलाने का प्रयास किया लेकिन महिला ने नमक पानी नहीं पीया। रात्रि में ही निजी वाहन की मदद से महिला को उपचार के लिये नगरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत के चलते महिला को धमतरी रिफर कर दिया गया। गुरूवार को महिला को धमतरी लाकर सिविल लाइन स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान महिला की शुक्रवार की सुबह अस्पताल में मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। महिला की तीन बेटियां हैं। पति किसानी का काम करता है।



## नाबालिग ने फांसी लगा की खुदकुशी

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत शांतिनगर बांदे निवासी 13 वर्षीय खुशबु दत्ता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बांदे निवासी 62 वर्षीय ठाकुर मजुमदार ने पुलिस को बताया कि 18 दिसंबर को मृतिका ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है।

## मंदिर के पास मिली शिक्षिका की जली लाश

**गरियाबंद ।** जिला मुख्यालय के पॉश इलाके साईं मंदिर के समीप शुक्रवार सुबह एक महिला की जली हुई लाश मिलने से पूरे शहर में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान सिविल लाइन निवासी और प्राथमिक शाला मजरकटा में पदस्थ शिक्षिका जिनेश्वरी कुर्रे के रूप में हुई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, शिक्षिका जिनेश्वरी कुर्रे शुक्रवार सुबह लगभग 7 बजे अपनी स्कूटी लेकर घर से निकली थीं। इसके कुछ ही घंटों बाद साईं मंदिर के पीछे झाड़ियों में एक महिला का जला हुआ शव देखे जाने की खबर मिली। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की मदद से शिनाख्त की कार्रवाई पूरी की। घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं घटनास्थल को सुरक्षित कर साक्ष्यों का संकलन किया जा रहा है।

## डूबने से बुजुर्ग की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चौकी दमकसा अंतर्गत राउरवाही जाने वाले पुलिया के पास डूबने से दमकसा निवासी 72 वर्षीय सोमारू राम कोठारी का 17 दिसंबर को मौत हो गया।

**कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी विकासखण्ड-विश्रामपुरी जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

खण्ड चिकित्सा अधिकारी विकासखण्ड-विश्रामपुरी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025 26 के दौरान निम्न कार्यों हेतु निविदा का आंमत्रण किया जाना है :-

खण्ड चिकित्सा अधिकारी विकासखण्ड-विश्रामपुरी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) दलों के भ्रमण के लिये वाहन किराया हेतू निविदा किया जा रहा है। निविदा प्रपत्र मोहरबंद लिफाफे में केवल रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन माध्यम से ही उपलब्ध होगें एवं डाउनलोड किये जा सकेगें।

**नोटः** आवेदन शुल्क राशि भुगतान का स्लीप, अनिवार्य रूप से लगाया जाना होगा । निविदा प्रपत्र बिक्री की प्रारंभ तिथि 16/12/2025 निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि 05/01/2026, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 09/01/2026 निविदा खोले जाने की तिथि 12/01/2026

(निविदा की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचनापटल में एवं कोण्डांगाव जिले के वेब पोंटल www.Kondagaon.gov.in में देख व डाउनलोड किया जा सकता है)

**BEO MEDICAL OFFICER**
**CHC-VISHRAMPURI**
**Distt.-Kondagaon (C.G.)**

**S-46290/3**

**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in**
**(2nd Call)**

NIT NO: **2622/RMC/2025** RAIPUR DATED :**19/12/2025**

Online bids are invited for the following works up to **07/01//2026** at **17:30** hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work / Description of work | Min Reserve Price |
|---|---|---|---|
| 1 | 182081 | REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) For the Operation, Maintenance, and Utilization of Installed Big unipoles (Group I) for advertising purposes | 27,40,000.00/- |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **19/12/2025, 17:30** Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal. NIT Details and other documents.

Note:- **1.** All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.

**2.** Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No.* **18004199140** or through Email ID *helpdesk.eproc@cgswan.gov.in*

**घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।**

**SUPERINTENDENT**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 181815/निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./2025-26**
**दि. 17.12.2025**

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 07.01.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम- बीजापुर जिले के विकासखंड भैरमगढ़ में भालूजोड़ी नाला पर स्टॉपडेम का निर्माण कार्य।**

अनुमानित लागत- **रु. 209.91 लाख**
(एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 24.12.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, बीजापुर**
**कृते, मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार**
**जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, छ.ग.**

**जी-252605571/2**

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)**

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार जनकपुर में उपलब्ध नये, पुराना ईमारती काष्ठ एवं नये, पुराना जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार जनकपुर से प्राप्त कर सकते है।

**डिपो का नाम - काष्ठागार जनकपुर**
**नीलाम दिनांक- 30-12-2025**
**नीलाम समय- प्रातः 09:00 बजे से प्रारम्भ**

| क्र. | प्रजाति | नये अविक्रित काष्ठ | | पुराने अविक्रित काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली | लट्ठा | | बल्ली | |
| | | (नग) | (घ.मी.) | (नग) | (घ.मी.) | (नग) | (घ.मी.) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 0 | 0 | 366 | 27.585 | 3693 | 41.491 |
| 2 | साल | 16.000 | 5 | 11850 | 1241.153 | 2007 | 51.484 |
| 3 | साजा | 2.000 | 0 | 217 | 25.333 | 54 | 1.308 |
| 4 | हल्दू, मुण्डी, बांसा | 0 | 0 | 13 | 1.016 | 0 | 0.000 |
| 5 | धावड़ा | 2.000 | 0 | 18 | 2.049 | 0 | 0.000 |
| 6 | सतकठा | 0 | 0 | 36 | 5.208 | 2 | 0.089 |
| | **योगः-** | **20** | **5** | **12500** | **1302.344** | **5756** | **94.372** |
| 7 | मिश्रित जलाऊ | 50 चट्टा नया | | 150 चट्टा पुराना | | | |
| **योग :-** | | **50 चट्टा नया** | | **150 चट्टा पुराना** | | | |

टीप :-1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व MSTC E-commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है, सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E.M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-commerce पोर्टल में अपने आई.डी से लॉगईन करके देख सकते है।

**वनमण्डलाधिकारी**
**मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़**

G-252605597/4



## खबर संक्षेप



### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.69 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 1.69 अरब डॉलर बढ़कर 688.95 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.03 अरब डॉलर बढ़कर 687.26 अरब डॉलर रहा था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 12 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में, रिजर्व का एक मुख्य हिस्सा, विदेशी मुद्रा आस्तियां 90.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 557.79 अरब डॉलर हो गईं।

### आरबीआई के निदेशक मंडल ने चुनौतियों पर की चर्चा




**हैदराबाद।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निदेशक मंडल ने वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक स्थिति और उससे जुड़ी चुनौतियों पर शुक्रवार को चर्चा की। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 620वीं बैठक गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में यहां आयोजित की गई। आरबीआई ने बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने बैंकों के लिए जोखिम-आधारित जमा बीमा ढांचे को भी मंजूरी दी है। इसने चुनिंदा केंद्रीय कार्यालय विभागों की गतिविधियों और 2024-25 में भारत की बैंकिंग प्रवृत्ति एवं प्रगति पर मसौदा रिपोर्ट की समीक्षा की।

### सेबी ने ऋण प्रतिभूतियों के नियमों में दी रियायत



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने नियमों में ढील देते हुए बांड जारी करने वालों को 10,000 रुपये के कम अंकित मूल्य पर शून्य-कूपन (ब्याज) वाली ऋण प्रतिभूतियां जारी करने की सशर्त मंजूरी दे दी। इसके लिए शर्त यह रखी गई है कि ऐसी प्रतिभूतियों की निश्चित परिपक्वता हो और निवेशक को मिलने वाला रिटर्न किसी जटिल शर्त, गणना या बाहरी कारक से जुड़ा न हो। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि इस संशोधन के बाद जारीकर्ता अब ब्याज देने वाली और शून्य-ब्याज वाली ऋण प्रतिभूतियां कम अंकित मूल्य पर जारी कर सकेंगे।

### टिकटॉक का अमेरिकी हिस्सेदारी बेचने करार




**सैन फ्रांसिस्को।** टिकटॉक ने अपनी अमेरिकी इकाई की हिस्सेदारी तीन अमेरिकी निवेशकों ओरेकल, सिल्वर लेक और एमजीएक्स को बेचने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे यह सुनिश्चित हो गया है कि लोकप्रिय सोशल वीडियो मंच अमेरिका में काम करना जारी रख सकता है। मौजूदा एक आंतरिक ज्ञापन के अनुसार, यह सौदा 22 जनवरी को पूरा होने की उम्मीद है।

### श्री सीमेंट संयंत्र लगाने पर 2000 करोड़ करेगी निवेश




**मुंबई।** श्री सीमेंट ने महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में 20 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता की सीमेंट उत्पादन इकाई स्थापित करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये के निवेश की शुक्रवार को घोषणा की।
श्री सीमेंट के चेयरमैन हरि बांगुर ने कहा कि यह नया निवेश समूह की तीन-वर्षीय क्षमता विस्तार योजना का हिस्सा है। इस योजना के तहत कुल उत्पादन क्षमता को 6.8 करोड़ टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर आठ करोड़ टन प्रति वर्ष तक ले जाया जाएगा। बांगुर ने कहा कि महाराष्ट्र के साथ समूह का लंबे समय से संबंध रहा है, जिसमें पुणे स्थित एक ग्राइंडिंग इकाई भी शामिल है।

# जापान का एमयूएफजी बैंक श्रीराम फाइनेंस में 20 % हिस्सेदारी 39,618 करोड़ में खरीदेगा

## भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने जापान के बैंकों के लिए दरवाजे खोले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जापान के बड़े बैंक अपने ही देश में काम बढ़ाने के नए अवसर ढूंढते-ढूंढते थक गए हैं। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, अच्छी खपत और बढ़ती क्रेडिट मांग ने जापान के बैंकों के लिए एक नए दरवाजे खोल दिए हैं। आज स्थिति यह है कि भारत का बैंकिंग और वित्तीय सेक्टर जापान के सबसे बड़े बैंकों का पसंदीदा ठिकाना बन चुका है। इसी बदलते दौर की सबसे बड़ी मिसाल है एमयूएफजी (मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप) का भारतीय कंपनी श्रीराम फाइनेंस में 40,000 करोड़ रुपए का निवेश।

यह सौदा खास इसलिए हो जाता है, क्योंकि इसके बाद एमयूएफजी को भारत की दूसरी सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी) में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलेगी। यह कोई साधारण निवेश नहीं, बल्कि जापानी बैंकों के उस गंभीर रुख का संकेत है, जो वे भारत जैसे विकासशील बाजारों में लंबी अवधि की वृद्धि के लिए अपना रहे हैं। जापान का घरेलू बैंकिंग बाजार जितना फैल सकता था, लगभग फैल चुका है। वहां जनसंख्या घटने से नए ग्राहकों की संख्या भी सीमित हो रही है।

### एमयूएफजी ने पहले भी की थी निवेश की कोशिश

पिछले कुछ समय में जापानी बैंकों की भारत में दिलचस्पी तेजी से बढ़ी है। मिजुहो ने अवेंडस का अधिग्रहण किया, डाइवा सिक्योरिटीज ग्रुप ने एंबिट में तीसरा निवेश किया, और सुमिटोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन ने मई में यस बैंक में 1.6 अरब डॉलर खर्च कर 20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी। ये सभी सौदे दिखाते हैं कि जापान अब भारत में मजबूत आधार बनाना चाहता है।




### भारत में क्यों पैठ बना रहा जापान?

भारत आज वह सब प्रदान कर रहा है जो जापान में संभव नहीं रहा, जैसे कि बढ़ती आय, मजबूत खपत, तेजी से औपचारिक हो रही अर्थव्यवस्था और बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट। वहीं जापान में बैंकिंग इंडस्ट्री पहले से ही लगभग पूरी एक्सपेंड हो चुकी है और एमयूएफजी, एसएमबीसी और मिजुहो जैसे मेगाबैंकों ने लगभग हर उपभोक्ता और कॉरपोरेट को कवर कर लिया है। जनसंख्या घटने और उम्रदराज समाज के कारण वहां ऋण मांग भी कमजोर है।

## जीत अदाणी ने 25 दिसंबर से नवी मुंबई अड्डे के परिचालन की दी जानकारी

# अदाणी समूह हवाई अड्डों में अगले पांच वर्षों में एक लाख करोड़ रुपए का करेगा निवेश

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अदाणी समूह अगले पांच वर्ष में अपने हवाई अड्डों के कारोबार में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है। उद्योगपति गौतम अदाणी के छोटे बेटे एवं अदाणी एयरपोर्ट्स के निदेशक जीत अदाणी ने 25 दिसंबर को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने से पहले कहा, ''हवाई अड्डा क्षेत्र में अगले पांच वर्ष में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।''

**नवी मुंबई हवाई अड्डा अदाणी समूह के लिए नई उपलब्धि**

नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अदाणी समूह के बढ़ते हवाई अड्डा खंड में नवीनतम उपलब्धि है। इससे भारत के विमानन बुनियादी ढांचे में इसकी उपस्थिति और मजबूत होगी।

## नवी मुंबई हवाई अड्डा अदाणी समूह के लिए नई उपलब्धि

### उद्योग 15 से 16 फीसदी की दर से बढ़ रहा

निदेशक ने कहा, ''भारतीय विमानन उद्योग समग्र रूप से अगले 10-15 वर्ष तक लगातार 15-16 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ सकता है।'' उन्होंने चीन की तुलना में प्रति व्यक्ति हवाई यात्रा की कम दर का हवाला देते हुए कहा, ''अगर हम चीन के स्तर तक भी पहुंच जाते हैं।




### मुंबई हवाई अड्डे को जीवीके समूह से अधिग्रहित किया था

अदाणी समूह ने मुंबई हवाई अड्डे को जीवीके समूह से अधिग्रहित किया था।मुंबई के दो हवाई अड्डों के अलावा, अदाणी समूह अहमदाबाद, लखनऊ, गुवाहाटी, तिरुवनंतपुरम, जयपुर और मंगलुरु में छह अन्य हवाई अड्डों का संचालन करता है।

### समूह क्षमता को लगातार बढ़ाना चाह रहा

जीत ने हालांकि कहा, ''अंततः, हम इसमें पूरी तरह से शामिल हैं और हम अपनी विशेषज्ञता एवं क्षमता को लगातार बढ़ाना चाहते हैं।'' जीत अदाणी ने कहा कि भारत का विमानन क्षेत्र (जिसमें हवाई अड्डे और विमानन कंपनियां शामिल हैं) अगले एक दशक या उससे अधिक समय तक 15-16 प्रतिशत की वृद्धि दर बनाए रख सकता है।

### अगले दौर में सभी 11 हवाई अड्डों के लिए बोली लगाएंगे

जीत अदाणी ने कहा, 'इस उद्योग में एक दृढ़ विश्वास रखने वाले और आशावादी निवेशक के रूप में हम अगले दौर के सभी 11 (हवाई अड्डों) के लिए बोली लगाने में पूरी तरह आक्रामक रुख अपनाएंगे।' रखरखाव, मरम्मत एवं संचालन (एमआरओ) और 'फ्लाइट सिमुलेशन ट्रेनिंग सेंटर' (एफएसटीसी) में निवेश के बारे में उन्होंने कहा, ''अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी क्योंकि हम अब भी एक दीर्घकालिक रणनीति को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं।

### मुंबई हवाई अड्डे पर 2016 से सेवाओं की कमी थी

विकास की संभावना को दीर्घकालिक बताते हुए उन्होंने कहा, ''हमारे सामने विकास का एक बेहद लंबा मार्ग है। सभी संकेत यही दर्शाते हैं कि इसे पूरा किया जा सकता है।'' मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर क्षमता संबंधी बाधाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, ''मुंबई हवाई अड्डे पर 2016 से ही सेवाओं की कमी थी और वह आने वाली अतिरिक्त मांग को पूरा करने में सक्षम नहीं था।''

### अदाणी यात्रियों की आवाजाही का 23 फीसदी नियंत्रत करता है

अदाणी समूह, अपनी हवाई अड्डा इकाई अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) के माध्यम से भारत का सबसे बड़ा हवाई अड्डा अवसंरचना संचालक है। यह भारत के हवाई यातायात के एक महत्वपूर्ण हिस्से को नियंत्रित करता है, जिसमें यात्रियों की आवाजाही का लगभग 23 प्रतिशत और माल ढुलाई का करीब 33 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। गौरतलब है कि 2019 में हुए निजीकरण के पिछले दौर में अदाणी समूह ने छह हवाई अड्डों अहमदाबाद, लखनऊ, गुवाहाटी, तिरुवनंतपुरम, जयपुर और मंगलुरु को हासिल किया था। 2021 में जीवीके समूह से मुंबई हवाई अड्डे का अधिग्रहण किया।

# आईबीएम 50 लाख युवाओं को एआई से करेगी प्रशिक्षित

## आईबीएम ने 2030 तक साइबर सुरक्षा में देगी प्रशिक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी आईबीएम ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह 2030 तक भारत में 50 लाख लोगों को कृत्रिम मेधा (एआई), साइबर सुरक्षा और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षण देगी।

कंपनी ने बताया कि यह योजना 'आईबीएम कौशल निर्माण' कार्यक्रम के माध्यम से संचालित की जाएगी। इसका उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार कार्यबल का निर्माण करना और लोगों के लिए उन्नत डिजिटल कौशल और रोजगार योग्यता के अवसर बढ़ाना है।

इस कार्यक्रम के तहत आईबीएम विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और व्यावसायिक शिक्षा संस्थानों में अपने शैक्षिक प्रयासों का विस्तार करेगी
कंपनी अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के सहयोग से व्यावहारिक एआई प्रशिक्षण, संकाय सशक्तिकरण कार्यक्रम, हैकाथॉन और इंटर्नशिप आयोजित करेगी। आईबीएम के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरविंद कृष्णा ने कहा, भारत में एआई और क्वांटम क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करने की प्रतिभा और महत्वाकांक्षा है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में दक्षता आर्थिक प्रतिस्पर्धा, वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक परिवर्तन को परिभाषित करेगी।

### युवा को उन्नत कौशल तक पहुंचाएंगे

उन्नत कौशल तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाकर, हम युवाओं और छात्रों को भारत के विकास को आगे बढ़ाने, नवाचार करने और गति प्रदान करने में सक्षम बना रहे हैं।

## वैश्विक बाजारों में तेजी का रुख रहा

# चार दिनों की गिरावट से उबरा शेयर बाजार, सेंसेक्स 447 अंक मजबूत



एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में तेजी और विदेशी निवेशकों की लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार चार दिनों की गिरावट के बाद शुक्रवार को उछाल के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स में 447 अंक की तेजी रही जबकि एनएसई निफ्टी 151 अंक चढ़ गया। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका में नवंबर के खुदरा मुद्रास्फीति आंकड़े उम्मीद से कम रहने से फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में आगे और कटौती की उम्मीद मजबूत हुई है जिससे निवेशकों का रुझान शेयरों की ओर बढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 447.55 अंक चढ़कर 84,929.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 585.69 अंक बढ़कर 85,067.50 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 150.85 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,966.40 अंक पर बंद हुआ।

- विदेशी निवेशकों ने की खरीदारी

साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में कुल 338.3 अंक की गिरावट रही ।रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर बाजार हाल की गिरावट से उबरने में सफल रहे। डॉलर के मुकाबले रुपये में तेज सुधार और विदेशी निवेशकों की निकासी थमने से भी निवेशक धारणा को समर्थन मिला।

### एशियाई बाजार बढ़त के साथ बंद हुए

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के शेयर बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी दर्ज की गई थी।

### इन शेयरों में रहा नफा-नुकसान

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फिनसर्व के शेयर बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, एचसीएल टेक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया।

# चांदी 3,500 रुपए टूटकर हुई 2,04,100 रुपए प्रति किलो

## सोना 1,36,500 रुपए प्रति 10 ग्राम से लगभग स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को चांदी की कीमत रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गई। स्टॉकिस्टों और फुटकर विक्रेताओं की ताजा बिकवाली के कारण चांदी की कीमत 3,500 रुपये घटकर 2,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम रही।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को चांदी 1,800 रुपये बढ़कर 2,07,600 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई थी।



स्थानीय सराफा बाजार में, सोने की कीमत बृहस्पतिवार के बंद स्तर 1,36,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से लगभग स्थिर रुख लिए 1,36,515 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) पर रही।

### हाजिर सोने में गिरावट रही

अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 10.09 डॉलर यानी 0.23 प्रतिशत घटकर 4,322.51 डॉलर प्रति औंस रहा। दूसरी ओर, विदेशी व्यापार में हाजिर चांदी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 65.85 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# फ्लिपकार्ट ने मिनिवेट एआई में हिस्सेदारी की हासिल

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) समाधान प्रदाता कंपनी मिनिवेट एआई में बहुमत हिस्सेदारी हासिल कर ली है। वॉलमार्ट समर्थित ई-कॉमर्स कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि यह अधिग्रहण जनरेटिव एआई की मुख्य क्षमताओं को विकसित करने और उनमें निवेश करने के लिए एक रणनीतिक कदम है। इसने हालांकि अधिग्रहण के वित्तीय विवरणों का खुलासा नहीं किया। बयान में कहा गया, ''भारत की घरेलू ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने आज घोषणा की कि उसने 2024 में स्थापित एक नवोन्मेषी एआई/एमएल समाधान प्रदाता मिनिवेट एआई में बहुमत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए निश्चित दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए हैं।''




## बिजनेस साइट

# हर्षित लैंडमार्क में 3 और 4 बीएचके प्रीमियम फ्लैट, किफायती दाम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ और मध्य भारत के रियल एस्टेट के क्षेत्र में एक प्रमुख ब्रांड सिंघानिया बिल्डकॉन के ड्रीम प्रोजेक्ट हर्षित लैंडमार्क में "नए घर की शुरुआत, परिवार के साथ" स्कीम लॉन्च की गई है। यह स्कीम सीमित समय के लिए लागू है। जहां बजट के अनुरूप 3 और 4 बीएचके प्रीमियम फ्लैट रेडी टू पजेशन उपलब्ध हैं।

राजधानी रायपुर के एम्स के करीब हीरापुर चौक में विकसित हर्षित लैंडमार्क रायपुर सिटी वेस्ट में लक्जरी और सुरक्षित लाइव का माइलस्टोन के रूप में पहचाना जाता है। यहां 500+ परिवार पहले से निवास कर रहे हैं। हर्षित लैंडमार्क में रेसिडेंसियल एंड कमर्शियल शॉप्स भी उपलब्ध हैं। जहां मेट्रोलाइव की तमाम सुविधाएं उपलब्ध हैं। अगर आप नये साल में अपने बजट के अनुरूप 3 और 4 बीएचके प्रीमियम फ्लैट खरीदने की सोच रहे हैं तो सिंघानिया बिल्डकॉन का हर्षित लैंडमार्क सबसे उपयुक्त जगह है।



### विश्व प्रसिद्ध स्थलों से प्रेरित थीमयुक्त लक्जरी जीवन शैली का अहसास

हर्षित लैंडमार्क में आपके परिवार के लिए विश्व प्रसिद्ध स्थलों से प्रेरित एक थीमयुक्त लक्जरी जीवन शैली, पोडियम, उद्यान, मंदिर, सीसीटीवी, दुकानें, कवर्ड कैम्पस, 24x7 सुरक्षा, टेरेस, क्लब, जिम, बच्चों के लिए प्ले ग्राउंड जैसी आधुनिक जीवन शैली की सुविधाएं इसे और भी खास बनाती है। इसके अलावा यहां बुकिंग कराने वालों के लिए सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप की कस्टमर केयर टीम आपकी मदद के लिए हमेशा तैयार होती है।

### हर्षित लैंडमार्क पश्चिम रायपुर की पहचान

हर्षित लैंडमार्क लोकेशन शहर के प्रमुख स्थानों से सबसे करीब है। हर्षित लैंडमार्क एम्स हॉस्पिटल की दूर मात्र 1.5 किमी, एनआईटी 3.4 किमी, पं. दीनदयाल सभागार 3.1 किमी, पं. रविशंकर विश्वविद्यालय 4.1 किमी और अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम 3.0 किमी की दूरी पर स्थित है। जहां 400 सौ से ज्यादा परिवार शहर के करीब लक्जरी जीवनशैली का अहसास कर रहे हैं। इसके अलावा हर्षित लैंडमार्क में 24 घंटे पानी की सुविधा, स्ट्रीटलाइट, प्राकृतिक हरियाली से भरे गार्डन , कवर्ड बाउंड्रीवॉल के साथ 24 घंटे सिक्यूरिटी की सुविधा दी जा रही है। अगर आप नये साल पर राजधानी रायपुर के प्राइम लोकेशन पर 3 और 4 बीएचके प्रीमियम फ्लैट या कमर्शियल शॉप्स खरीदने की सोच रहे हैं तो हर्षित लैंडमार्क एकदम सही चॉइस साबित होने वाला है।

## चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीने में ही भारत ने कार निर्यात में नया रिकॉर्ड बना डाला

# मेड-इन-इंडिया कारों की विश्व में बढ़ी मांग, बन सकता है निर्यात रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत में बनी कारें अब सिर्फ देश में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में अपनी मजबूत पहचान बना रही हैं। मेड-इन-इंडिया कारों की मांग लगातार बढ़ रही है और इसका सीधा असर कार एक्सपोर्ट के आंकड़ों में देखने को मिल रहा है।

चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले आठ महीनों में ही भारत ने कार निर्यात के मामले में नया रिकॉर्ड बना लिया है। इस दौरान भारत से पहले से ज्यादा कारें दूसरे देशों में भेजी गई हैं, जिससे ऑटो सेक्टर को बड़ी मजबूती मिली है। सियाम के आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2026 के पहले आठ महीनों में भारत से करीब 5,99,276 पैसेंजर व्हीकल्स विदेश भेजे गए हैं।

### मेक्सिको के टैरिफ ने बढ़ाई चिंता

बता दें कि इस सफलता के बीच एक चुनौती भी सामने आई है। मेक्सिको ने ऐलान किया है कि 1 जनवरी 2026 से भारत में बनी कारों पर आयात शुल्क 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया जाएगा। मेक्सिको भारत के लिए एक बड़ा एक्सपोर्ट बाजार है। वित्त वर्ष 2024 में भारत ने मेक्सिको को करीब 1.94 लाख कारें और एसयूवी भेजी थीं, जो कुल एक्सपोर्ट का बड़ा हिस्सा थीं।



### भारत के लिए मायने रखता है रिकॉर्ड?

मेड-इन-इंडिया कारों की बढ़ती मांग यह साबित करती है कि भारत अब सिर्फ एक बड़ा बाजार नहीं, बल्कि एक मजबूत मैन्युफैक्चरिंग हब भी बन चुका है। अगर टैरिफ जैसी चुनौतियों से सही तरीके से निपटा गया, तो आने वाले समय में भारत कार एक्सपोर्ट में नया इतिहास रच सकता है।

### किन कंपनियों की कारें जाती हैं मेक्सिको?

मारुति सुजुकी मेक्सिको को हर साल हजारों कारें एक्सपोर्ट करती है, जिनमें बलेनो, स्विफ्ट, डिजायर और ब्रेजा शामिल हैं। हुंडई भी ग्रैंड आई10, ऑरा, वेन्यू और क्रेटा जैसी कारें भेजती है। इसके अलावा फॉक्सवैगन ग्रुप और निसान इंडिया की गाड़ियां भी मेक्सिको में अच्छी खासी संख्या में बेची जाती हैं।

### रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंचा ऑटो सेक्टर

वित्त वर्ष 2026 में अभी चार महीने बाकी हैं और मौजूदा रफ्तार को देखते हुए माना जा रहा है कि इस साल कार एक्सपोर्ट का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बन सकता है। वित्त वर्ष 2025 में कुल 7,70,364 पैसेंजर व्हीकल्स एक्सपोर्ट हुए थे। खास बात यह है कि इस वित्त वर्ष में तीन बार एक महीने में 80,000 से ज्यादा कारें विदेश भेजी गई हैं। सितंबर, अक्टूबर और नवंबर के आंकड़े इस मजबूती को साफ दिखाते हैं।

## खबर संक्षेप



### शुभंकर ने खेला दो ओवर कार्ड, 71वें स्थान पर पहुंचे

**पोर्ट लुईस।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा अफ्रएशिया बैंक मॉरीशस ओपन के शुरुआती दौर में दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 71वें स्थान पर है। तेज हवा के कारण मुश्किल परिस्थितियों में शुभंकर का स्कोर 13वें होल तक एक अंडर था लेकिन उन्होंने इसके बाद डबल बोगी और और बोगी कर दिया। शुभंकर ने इस दौरान तीन बर्डी, तीन बोगी के अलावा 16वें होल में डबल बोगी कर दी। दक्षिण अफ्रीका के केसी जार्विस और स्कॉटलैंड के स्कॉट जैमीसन एक समान पांच-अंडर-पार 67 स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर हैं।

### पंत बने दिल्ली के कप्तान कोहली टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत को 24 दिसंबर से शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी के लिए दिल्ली टीम का कप्तान बनाया गया है जबकि



दिग्गज विराट कोहली भी आगामी राष्ट्रीय वनडे चैंपियनशिप में दो मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। पंत और कोहली के अलावा तेज गेंदबाज हर्षित राणा, इशांत शर्मा और नवदीप सैनी ने भी टूर्नामेंट में खेलने की इच्छा जताई है। हालांकि दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने पंत, कोहली और राणा के नाम 16 सदस्यीय सूची में शामिल नहीं किए हैं क्योंकि वे पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे और उनके न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी 2026 से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला से पहले दो से तीन मैच खेलने की संभावना है।

# हार्दिक-वरुण के सामने दक्षिण अफ्रीका का सरेंडर, टीम इंडिया ने जीती सीरीज

पंड्या बने प्लेयर ऑफ द मैच, चक्रवर्ती को प्लेयर ऑफ द सीरीज

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

भारत ने साउथ अफ्रीका को पांच मैचों की टी20 के पांचवें मैच में हराकर सीरीज 3-1 से अपने नाम की। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 231 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 8 विकेट पर 201 रन बनाए। तिलक वर्मा ने 173 और हार्दिक पंड्या ने 252 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

इसके बाद गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने कहर बरपाया। उन्होंने सिर्फ 17 रन देकर 2 विकेट झटके। वरुण चक्रवर्ती ने 4 विकेट लिए, लेकिन वह महंगे रहे। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद टीम इंडिया की ये 7वीं द्विपक्षीय सीरीज जीत इस फॉर्मेट में है, जिसे वह अपने नाम करने में कामयाब रहा।

### तिलक-पांडया की शानदार पारी

भारत की बल्लेबाजी की बात करें को तिलक वर्मा ने 42 गेंद पर 73 और हार्दिक पंड्या ने 25 गेंद पर 63 रन बनाए। संजू सैमसन ने 22 गेंद पर 37 और अभिषेक शर्मा ने 21 गेंद पर 34 रन बनाए। शिवम दुबे ने 3 गेंद पर 10 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव 5 रन बनाकर आउट हुए। साउथ अफ्रीका के लिए कॉर्बिन बॉश ने 2 विकेट लिए ओटनिल बार्टमैन और जॉर्ज लिंडे ने 1-1 विकेट लिए।

### डिकॉक ने खेली 65 रन की पारी

साउथ अफ्रीका के लिए क्विंटन डिकॉक ने 65 रन बनाए। डेवाल्ड ब्रेविस ने 31 रन बनाए। डेवाल्ड ब्रेविस ने 31, डेविड मिलर ने 18, कॉर्बिन बॉश ने नाबाद 17, जॉर्ज लिंडे ने 16 और मार्को यानसेन ने 14 रन बनाए। लुंगी एनगिडी 7 रन बनाकर नाबाद रहे। एडेन मार्कराम 6 और डेनोवन फरेरा बगैर खाता खोले आउट हुए। वरुण चक्रवर्ती ने 53 रन देकर 4 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह ने 17 रन देकर 2 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या ने 41 और अर्शदीप सिंह ने 47 रन देकर 1 विकेट लिए।




### सैमसन ने पूरे किए टी20 में 8 हजार रन

संजू सैमसन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपनी 37 रनों की पारी के दम पर टी20 क्रिकेट में अपने 8 हजार रनों का आंकड़ा पूरा कर लिया। इसी के साथ संजू अब 7वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं, जो टी20 क्रिकेट 8 हजार या उससे अधिक रन बनाने में कामयाब हुए हैं। संजू से पहले ये कारनामा रोहित शर्मा, विराट कोहली, शिखर धवन, सूर्यकुमार यादव, सुरेश रैना और केएल राहुल करने में कामयाब हुए थे। संजू सैमसन ने अब तक टी20 क्रिकेट में कुल 320 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने 30.08 के औसत से 8033 रन बनाए हैं। संजू के बल्ले से इस दौरान 6 शतकीय और 51 अर्धशतकीय पारियां देखने को मिली हैं।

### हार्दिक ने जड़ा दूसरा सबसे तेज अर्धशतक

ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ आखिरी टी-20 मुकाबले में धमाकेदार अर्धशतकीय पारी (63) खेली। उन्होंने सिर्फ 16 गेंदों का सामना करते हुए अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। ये टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की ओर से लगाया गया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। उनके बल्ले से 5 चौके और 5 छक्के निकले। उनका स्ट्राइक रेट 252 रहा। भारत के लिए इस प्रारुप में सबसे तेज अर्धशतक युवराज सिंह ने लगाया था। उन्होंने 2007 में इंग्लैंड टीम के खिलाफ डरबन के मैदान पर 12 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन बो लिंडे | 37 | 22 | 4 | 2 |
| अभिषेक शर्मा का डिकॉक बो बॉश | 34 | 21 | 6 | 1 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 73 | 42 | 10 | 1 |
| सूर्यकुमार यादव का मिलर बो बॉश | 5 | 07 | 0 | 0 |
| हार्दिक का हेंडरिक्स बो बार्टमैन | 63 | 25 | 5 | 5 |
| शिवम दुबे नाबाद | 10 | 03 | 1 | 1 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 9 रन, योग : 20 ओवर में 231/5 रन
गेंदबाजी : एंगिडि 4-0-29-0, यानसेन 4-0-50-0, बार्टमैन 3-0-39-1, बॉश 3-0-44-2, फेरेरा 2-0-20-0, लिंडे 4-0-46-1

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक का और बो बुमराह | 65 | 35 | 9 | 3 |
| हेंडरिक्स का दुबे बो वरुण | 13 | 12 | 1 | 0 |
| ब्रेविस का सुंदर बो पंड्या | 31 | 17 | 3 | 2 |
| मिलर का सैमसन बो अर्शदीप | 18 | 14 | 2 | 0 |
| माक्रम पगबाधा बो वरुण | 6 | 4 | 1 | 0 |
| फेरेरा बो वरुण | 0 | 1 | 0 | 0 |
| जॉर्ज लिंडे बो वरुण | 16 | 8 | 0 | 2 |
| यानसेन का सैमसन बो बुमराह | 14 | 5 | 0 | 2 |
| कोर्बिन बॉश नाबाद | 17 | 15 | 1 | 1 |
| लुंगी एंगिडि नाबाद | 7 | 9 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 14 रन, योग : 20 ओवर में 201/8 रन
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-47-1, सुंदर 4-0-30-0, बुमराह 4-0-17-2, वरुण 4-0-53-4, पंड्या 3-0-41-1, अभिषेक 1-0-13-0

# नौवीं बार फाइनल में पहुंचा भारत अब पाकिस्तान से खिताबी टक्कर




एजेंसी ▶▶| दुबई

दुबई में हुए अंडर-19 एशिया कप सेमीफाइनल में भारत ने विहान मल्होत्रा और आरोन जॉर्ज की शानदार बल्लेबाजी के दम पर आठ विकेट से जीत दर्ज की और नौवीं बार फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें भारत का सामना अब पाकिस्तान से होगा। एसीसी अंडर-19 एशिया कप में टीम इंडिया का जीत का सिलसिला जारी है।

बारिश के कारण 50-50 ओवर के सेमीफाइनल को 20-20 ओवर का टी20 मैच बनाया गया। श्रीलंका की टीम पहले खेलते हुए केवल 138 रन ही बना सकी। इसके बाद विहान (61) और जॉर्ज (58) की शानदार बैटिंग के दम पर भारत ने आठ विकेट से आसानी से जीत हासिल की और नौवीं बार फाइनल में प्रवेश किया। भारत का सामना दूसरे सेमीफाइनल में गत चैंपियन बांग्लादेश को हराने वाली पाकिस्तान टीम से होगा।

### पटेल व चौहान ने लिए दो-दो विकेट

दुबई में बारिश के कारण वनडे मैच को 20-20 ओवर्स का किया गया। अंडर-19 टीम इंडिया के कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

## हेड ने इंग्लैंड को फिर दिया 'हेडेक', शतक जड़ ऑस्ट्रेलिया को दिलाई जबरदस्त बढ़त

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

ट्रेविस हेड ने घरेलू मैदान एडिलेड ओवल पर लगातार चौथे टेस्ट में शतक बनाने के बाद अपने हेलमेट और दस्ताने उतारे और फिर घुटनों के बल बैठने कर पिच को चूम लिया। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 271 रन बनाकर कुल 356 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ काफी मजबूत कर ली है। हेड को 99 रन पर एक बड़ा जीवनदान मिला जब उन्होंने जोफ्रा आर्चर की गेंद पर करारा प्रहार किया और गली में खड़े हैरी ब्रूक ने कैच टपका दिया। इससे पहले उन्होंने रूट की एक स्पिन गेंद को ऑन-साइड में खेला और एक रन लेने के लिए दौड़े,



लेकिन उनके साथी बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने उन्हें वापस भेज दिया। ऑस्ट्रेलिया के इस बेखौफ बल्लेबाज ने 99 रन पर रहते हुए उन्होंने आठ गेंदों का सामना करने के बाद जोखिम लेने का मन बनाया और रूट की गेंद पर क्रीज से बाहर निकल कर गेंदबाज के सिर से ऊपर से चौका लगाकर अपना 11वां टेस्ट शतक पूरा किया।

## चावला का 36 साल में जलवा, झटके चार विकेट नाइट राइडर्स को जिताया

**अबूधाबी।** भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला (27 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर अबूधाबी नाइट राइडर्स ने इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) मैच में गल्फ जायंट्स को चार गेंद शेष रहते चार विकेट से शिकस्त दी। टीम सात मैचों में तीसरी जीत के बाद छह अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। रहमानुल्लाह गुरबाज की 45 गेंद में 72 रन की पारी से गल्फ जायंट्स ने सात विकेट पर 165 रन बनाए लेकिन नाइट राइडर्स ने 19.2 गेंद में छह विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स (39 गेंद में 46 रन) और फिल सॉल्ट (24 गेंद में 35 रन) ने पहले विकेट के लिए 44 गेंद में 61 रन की साझेदारी के साथ टीम को शानदार शुरुआत दिलाई।

## अहलावत ने जीता खिताब, खेला 4 अंडर 67 का कार्ड

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

वीर अहलावत ने सीआईडीसीओ ओपन गोल्फ के अंतिम दिन चार अंडर 67 के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। गुरुग्राम के इस खिलाड़ी ने इससे पहले शुरूआती तीन दौर में 65-65-73 के कार्ड के साथ तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। अहलावत का कुल स्कोर 14 अंडर 270 रहा। तीन शॉट की




इस जीत से अहलावत मौजूदा सत्र की पीजीटीआई रैंकिंग में 18वें से 11वें पायदान पर पहुंच गए। तीसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर रहे पुणे के रोहन धोले पाटिल (70-69-64-70) 11 अंडर 273 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। यह पीजीटीआई स्पर्धा में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। गुरुग्राम के मनु गंडास (68-68-70-68) और इटली के मिशेल ओर्टोलानी 67-66-72-69) 10-अंडर 274 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।



# रात होते ही गायब हो जाता है ये आइलैंड! सुबह से शाम रहती है लोगों की भीड़



**मनीला।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो ने सबको हैरान कर रखा है। एक खूबसूरत रेतीला द्वीप, सफेद रेत, नीला पानी और हजारों टूरिस्ट्स की भीड़. लेकिन जैसे ही सूरज ढलता है, पूरा द्वीप गायब हो जाता है।जी हां, जहां दिनभर लोग दिखाई देते हैं, वो जगह पानी में गायब हो जाती है।रात में वहां सिर्फ समुद्र ही समुद्र दिखता है, कोई आइलैंड का नामोनिशान नहीं रहता। सुबह फिर वही द्वीप दोबारा उभर आता है।ऐसे में लोग पूछ रहे हैं कि क्या ये कोई जादुई जगह है? आपको बता दें कि इसका जवाब है नहीं। ये कोई जादुई जगह नहीं बल्कि ये फिलीपींस का मशहूर 'वैनिशिंग आइलैंड' है, जो असल में एक टाइडल सैंडबार है। ये आइलैंड बोहोल प्रांत के पास लिलिबोरन और पंगलाओ के बीच स्थित है। असल में ये कोई स्थायी द्वीप नहीं, बल्कि समुद्र के बीच में बना एक बड़ा रेत का टीला है। जब ज्वार नीचा होता है (सुबह 8 बजे से दोपहर 3-4 बजे तक), तो पानी कम हो जाता है और पूरा सैंडबार ऊपर आ जाता है।ये करीब 1 किलोमीटर लंबा और 300 मीटर चौड़ा है। टूरिस्ट बोट से आते हैं, फिर पैदल घूमते हैं, स्नॉर्कलिंग करते हैं, सी-फूड खाते हैं, फोटोशूट करवाते हैं। बीच पर अस्थायी छाते, टेबल-कुर्सियां, फोटो प्रॉप्स सब लग जाते हैं। दिन में यहां 2000-3000 लोग आसानी से आ जाते हैं। लेकिन, जैसे ही शाम 4-5 बजे ज्वार चढ़ने लगता है, पानी धीरे-धीरे ऊपर आने लगता है।

# बार-बार जाता था बाथरूम, 1 दिन में लिया 4 घंटे का ब्रेक, कंपनी ने नौकरी से निकाला

**बीजिंग।** चीन में एक इंजीनियर को बार-बार बाथरूम जाना भारी पड़ गया। कंपनी ने उसे नौकरी से निकाल दिया। कंपनी ने दावा किया कि वो बार-बार बाथरूम जाता था और अंदर घंटों बिताता है। एक बार तो उसने 4 घंटे का ब्रेक लिया था। उसकी इन्हीं आदतों से तंग आकर कंपनी ने उसे फायर कर दिया। काम के बीच में ब्रेक लेने का नियम हर कंपनी में होता है। हां, वो बात अलग है कि कहीं 8 घंटे की शिफ्ट होती है तो कहीं 9 घंटे की शिफ्ट, लेकिन इन काम के घंटों में ब्रेक के लिए भी समय दिया जाता है, ताकि लोग नाश्ता-पानी कर सकें, खाना खा सकें और खुद को रिफ्रेश कर सकें, पर कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो इस नियम का गलत फायदा उठाने लगते हैं। ऐसा ही एक मामला इन दिनों काफी चर्चा में है।




# जापान में जिंदा मछलियों को सॉस डालकर खा जाते हैं लोग



**टोक्यो।** दुनिया में शायद ही ऐसा कोई देश होगा, जहां के लोग मछली नहीं खाते होंगे। हां, वो बात अलग है कि कुछ लोगों को समुद्री मछलियां पसंद आती हैं तो कुछ नदियों में पाई जाने वाली मछलियां खाना पसंद करते हैं। भारत में तो आमतौर पर लोग पकाकर ही मछली खाते हैं, लेकिन कुछ देश ऐसे हैं, जहां के लोग मछलियों को कच्चा ही खा जाते हैं। जी हां, ये बिल्कुल सच है। सोशल मीडिया पर इन दिनों ऐसा ही एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसने लोगों को चौंका दिया है। दरअसल, इस वीडियो में एक बेहद ही अजीबोगरीब डिश दिखाई गई है, जिसके बारे में दावा किया गया है कि इसे जापान के लोग बड़े चाव से खाते हैं। अजीब बात ये है कि जिंदा मछलियों से बनी इस डिश को लोग कच्चा ही खा जाते हैं। वीडियो में आप देख सकते हैं कि छोटी-छोटी और ट्रांसपैरेंट मछलियों को कैसे एक प्लेट में डाला जाता है और फिर उसमें एक अंडा फोड़कर डाल दिया जाता है। इसके बाद उसमें एक तेल जैसा कुछ तरल पदार्थ भी डाला जाता है, फिर ऊपर से हरे प्याज के टुकड़े डाल दिए जाते हैं।

## धरती की तरफ बढ़े 10 बड़े एस्टेरॉयड, बुलेट से भी तेज रफ्तार!

**वॉशिंगटन।** नासा की रिपोर्ट के मुताबिक 20 दिसंबर तक अंतरिक्ष से 10 बड़ी चट्टानें धरती के काफी नजदीक से गुजरने वाली हैं। राहत की बात यह है कि ये धरती से नहीं टकराएंगे, लेकिन इनकी अलग-अलग आकार और रफ्तार वैज्ञानिकों के लिए चिंता बना हुआ है। खगोलविद इन पर टेलीस्कोप से लगातार नजर रख रहे हैं, जिससे सुरक्षा पक्की रहे। यह 20 दिसंबर तक धरती के करीब से गुजरेंगे। इनकी पृथ्वी से दूरी लगभग 23 लाख किमी होगी, जिसे अंतरिक्ष के हिसाब से बहुत कम माना जाता है।

**क्या होगा इन विशाल पत्थरों का असर?**

18 दिसंबर को ही 2025 एक्सवी नाम का एस्टेरॉयड धरती के करीब से गुजरा, जिसकी दूरी 26 लाख किमी थी। इसे ऐसे समझ सकते हैं कि चंद्रमा से धरती की दूरी से भी कई गुना ज्यादा दूरी से गुजरना। इस 10 क्षुद्रग्रहों में सबसे बड़ा यहीं था जिसकी चौड़ाई तकरीबन 70 से 160 मीटर है। बाकी एस्टेरॉयड जिनका साइज 7 मीटर है, वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर इस साइज का कोई पत्थर गलती से धरती की तरफ आ जाए तो भी वायुमंडल में घुसते ही राख हो जाएगा।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com